


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 155

ग्वालियर, मंगलवार, 22 फरवरी, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.





## डोरंडा कोषागार मामले में लालू को सीबीआई कोर्ट ने सुनाई पांच साल की सजा, लगाया 60 लाख जुर्माना

**रांची।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को चारा घोटाले के डोरंडा कोषागार से 139.35 करोड़ की अवैध निकासी के मामले में पांच साल की सजा सुनाई गई है। सीबीआई कोर्ट रांची के विशेष जज एसके शशि ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सजा सुनाई। जज एसके शशि ने लालू प्रसाद पर 60 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इस मामले में दोषी पाए गए अन्य 37 लोगों को सजा सुनाई जा रही है। लालू प्रसाद समेत 38 अन्य आरोपियों को 15 फरवरी को दोषी करार दिया गया था। इसके बाद लालू प्रसाद को जेल भेज दिया गया था। बेहतर इलाज के लिए लालू प्रसाद को जेल प्रशासन ने रिम्स भेज दिया था। लालू प्रसाद रिम्स से ही ऑनलाइन कोर्ट से जुड़े थे। सजा सुनाने के पहले सीबीआई की ओर से सभी दोषियों को अधिकतम सजा देने का आग्रह किया गया, जबकि बचाव पक्ष ने कम से कम सजा देने का आग्रह किया। रांची सिविल कोर्ट परिसर में बड़ी संख्या में अब्दुल बारी सिद्दीकी और पूर्व मंत्री श्याम रजक समेत राजद के नेता और कार्यकर्ता बिहार से भी पहुंचे। राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं ने सीबीआई की विशेष अदालत द्वारा चारा घोटाला के डोरंडा कोषागार मामले में सजा



सुनाए जाने का स्वागत किया। राजद के नेताओं ने कहा सजा की अवधि के मामले में लालू प्रसाद यादव के साथ न्याय हुआ है। डोरंडा कोषागार मामले के तीन आरोपियों को तीन साल से कम की सजा सुनाई गई। वहीं कोर्ट ने केएम प्रसाद को पांच साल की सजा सुनाने के साथ डेढ़ करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। सीबीआई कोर्ट ने जिन लोगों को सजा सुनाई है, उनमें उनमें पूर्व विधायक आरके राणा और पशुपालन विभाग के पूर्व सचिव बेक जूलियस भी शामिल हैं। लालू यादव को सजा सुनाए जाने पर बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा कि यह तो होना था। उन्होंने ट्वीट कर कहा लालू यादव को 5 साल की सजा और 60 लाख के जुर्माने से किसी को आश्चर्य नहीं हुआ। यह तो होना था। लालूजी की चार्जशीट देव गौड़ाजी के समय और पहली सजा मनमोहन सिंह जी के समय हुई। फिर भी फंसा दिया गया यही राग अलापा जाएगा। बता दें कि सीबीआई की विशेष अदालत ने 15 फरवरी को लालू प्रसाद समेत 75 आरोपियों को दोषी करार दिया था। इनमें से 38 लोगों को जेल भेज दिया गया था। अदालत ने मंगलवार को ही दोषी करार 35 अभियुक्तों को तीन-तीन साल की सजा सुनाई है, साथ में पचास हजार से दो लाख तक का जुर्माना लगाया है। तीन साल तक की सजा पाने वालों को अपील करने के लिए उसी दिन अदालत ने जमानत प्रदान कर दी थी।

## मोदी-योगी सरकार ने गैर-जिम्मेदाराना काम किया, जनता के दुख-दर्द से मुंह मोड़ा : सोनिया गांधी

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में चौथे चरण के चुनाव के लिए प्रचार के अंतिम दिन कांग्रेस अध्यक्ष और रायबरेली से सांसद सोनिया गांधी ने पहली बार सोमवार को वर्चुअल रैली को संबोधित किया। अपने संबोधन में सोनिया गांधी ने योगी सरकार पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा। सोनिया गांधी ने कहा कि मोदी-योगी सरकार ने गैर-जिम्मेदाराना काम किया और जनता के दुख-दर्द से मुंह मोड़ा। आपने 5 साल ऐसी सरकार देखी जिसने अलगाव पैदा करने के अलावा कोई काम नहीं किया। किसान बहुत मेहनत से फसल उगाते हैं। न पैसे मिला न खाद मिली, सिंचाई की भी सुविधा नहीं है। सोनिया गांधी ने कहा कि 12 लाख से ज़्यादा सरकारी नौकरी पद खाली हैं लेकिन सरकार उन पदों को नहीं भर रही है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, सरसों के तेल के दाम इतने बढ़ गए हैं की घर चलाना मुश्किल हो गया है। रायबरेली से सांसद ने कहा कि हमने महिलाओं के लिए शक्ति विधान, युवाओं के लिए भर्ती विधान और उत्तर प्रदेश के विकास के लिए उन्नति विधान तैयार किया है।



## केंद्रीय मंत्री सिंधिया बोले- दो माह में कोरोना पूर्व स्तर पर पहुंच जाएगी घरेलू उड़ानों के यात्रियों की संख्या

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया घरेलू उड़ान सैवाओं को लेकर काफी आशांवित हैं। सिंधिया ने कहा है कि अगले दो माह में घरेलू उड़ानों के हवाई यात्रियों की संख्या कोविड-पूर्व के स्तर पर पहुंच जाएगी। उन्होंने राज्यों से जेट ईंधन (एटीएफ) पर कर कम करने का भी आग्रह किया ताकि देश के विमानन क्षेत्र को प्रोत्साहन दिया जा सके। कोविड महामारी से पहले घरेलू एयरलाइंस के जरिये प्रतिदिन चार लाख लोग यात्रा करते थे। महामारी की दूसरी लहर के बाद यात्रियों की संख्या बढ़ी थी लेकिन नए स्वरूप ओमिक्रोन के आने के बाद इसमें गिरावट आनी शुरू हो गई। सिंधिया ने कहा कि क्षमता और किराये की सीमा इसलिए लगाई गई थी जिससे ऐसा वातावरण बनाया जा सके जिसमें सभी खिलाड़ी टिके रह सकें और सभी को कुछ बाजार हिस्सेदारी और राजस्व प्राप्त हो सके। एयरलाइंस को 18 अक्टूबर, 2021 से पूरी क्षमता से परिचालन की अनुमति दी गई थी। अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (आइमा) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिंधिया ने कहा, 'नवंबर, दिसंबर में हमने प्रतिदिन 3.8 से 3.9 लाख यात्रियों की संख्या को छू लिया और यह कोविड-पूर्व के स्तर के पास था। लेकिन ओमीक्रोन के बाद यात्रियों की संख्या घटकर 1.6 लाख प्रतिदिन पर आ गई।




## कोविड-19 वैक्सीनः डीसीजीआई ने कॉर्बेवैक्स को दी मंजूरी, 12-18 साल के बच्चों को लगेगा ये टीका

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना महामारी के खिलाफ लड़ाई में एक और वैक्सीन को मंजूरी मिल गई है। भारत के औषधि महानियंत्रक (DCGI) ने 12-18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए बायोलॉजिकल ई के कोविड-19 वैक्सीन कॉर्बेवैक्स (Corbeva&) को अंतिम मंजूरी दे दी है। जैविक ई लिमिटेड ने जानकारी दी कि कोविड-19 के खिलाफ भारत के पहले स्वदेशी रूप से विकसित रिसेप्टर बाइंडिंग डोमेन (आरबीडी) प्रोटीन सब-यूनिट वैक्सीन कॉर्बेवैक्स को 12 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के लिए इस्तेमाल हेतु भारत के दवा नियामक से आपातकालीन उपयोग की मंजूरी मिल गई है।

### सरकार खरीद रही है 30 करोड़ खुराक

बॉयोलॉजिकल ई द्वारा 12 से 18 साल तक के बच्चों के लिए विकसित






इस कोरोना वैक्सीन की 30 करोड़ खुराक सरकार खरीद रही है। इनकी खरीदी का आर्डर अगस्त 2021 में दिया गया था। बॉयोलॉजिकल ई अपने टीके कॉर्बेवैक्स की 25 करोड़ खुराक का उत्पादन कर चुकी है। वह कुछ सप्ताहों में बचे डोज भी तैयार कर लेगी। हैदराबाद की कंपनी बॉयोलॉजिकल ई को इन टीकों की खरीदी के लिए सरकार ने पिछले साल 1500 करोड़ का अग्रिम भुगतान किया था। 14 फरवरी को ही भारतीय दवा नियंत्रक (DGCI) ने 12 से 18 साल तक के बच्चों के लिए कॉर्बेवैक्स टीके के आपात इस्तेमाल की इजाजत दी थी। आधिकारिक सूत्रों ने एएनआई को बताया था कि कॉर्बेवैक्स का मूल्य संभवतः 145 रुपये रहेगा। इसमें कर शामिल नहीं है।

### आरबीडी प्रोटीन आधारित वैक्सीन

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार यह वैक्सीन भारत की पहली आरबीडी प्रोटीन आधारित कोविड-19 वैक्सीन है। यह भारत बॉयोटेक की कोवाक्सिन के बाद दूसरी वैक्सीन है, जिसे 18 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए लगाया जाएगा।

### क्या है कॉर्बेवैक्स टीके की खासियत?

कॉर्बेवैक्स टीका इंट्रामस्क्युलर यानी मांसपेशियों के जरिए लगाया जाता है। इसकी दो खुराक 28 दिनों के अंतराल पर दी जाती है। कॉर्बेवैक्स 0.5 मिलीलीटर (एकल खुराक) और 5 मिलीलीटर (दस खुराक) की शीशी में उपलब्ध है। इसे 2 से 8 डिग्री सेल्सियस पर संरक्षित किया जाता है।

## साइकिल का अपमान, पूरे देश का अपमान, ग्रामीण भारत का करती है प्रतिनिधित्व : अखिलेश

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आतंकवादियों द्वारा साइकिल चुनने की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा कि साइकिल का अपमान पूरे देश का अपमान है। पीएम के हमले के जवाब में अखिलेश ने अपनी पार्टी के चुनाव चिन्ह साइकिल पर हिंदी में एक कविता सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए उसे आम आदमी की सवारी और गांवों के गौरव के रूप में पेश किया। अखिलेश ने लिखा खेत और किसान को जोड़ कर उसकी समृद्धि की नींव रखती है, हमारी साइकल, सामाजिक बंधनों को तोड़ बिटिया को स्कूल छोड़ती है, हमारी साइकल। महंगाई का उसपर असर नहीं, वो सरपट दौड़ती है, हमारी साइकल, साइकल आम जनों का विमान है, ग्रामीण भारत का अभिमान है, साइकल का अपमान पूरे देश का अपमान है। यूपी में तीसरे चरण के चुनाव के दिन रविवार (20 फरवरी) को पीएम मोदी ने 2008 के अहमदाबाद सीरियल बम धमाकों के दोषी 49 लोगों के संदर्भ में समाजवादी पार्टी के चुनाव चिह्न साइकिल को आतंकवादियों से जोड़कर टिप्पणी की थी। पीएम मोदी ने यूपी की हरदोई में एक जनसभा में कहा था आज मैं इसका जिक्र इसलिए कर रहा हूं क्योंकि कुछ राजनीतिक दल आतंकवादियों पर नरम हो गए हैं। अहमदाबाद में विस्फोट दो तरह से किए गए थे। पहला शहर में 50-60 स्थानों पर किया गया था और इसके दो घंटे बाद, एक विस्फोट अस्पताल के एक वाहन में हुआ, जिसमें घायलों को देखने रिश्तेदार, अधिकारी और नेता वहां जा रहे थे। उस धमाके में कई लोगों की मौत हुई थी। शुरुआती धमाकों में बम साइकिल पर रखे गए थे। मुझे आश्चर्य है आतंकवादियों ने साइकिल क्यों चुनी? पीएम मोदी ने समाजवादी पार्टी पर 2006 में वाराणसी और 2007 में अयोध्या और लखनऊ में हुए विस्फोटों के आरोपियों के खिलाफ मामले वापस लेने का भी आरोप लगाया।



## खास खबर

### कांग्रेसी प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार के लिए उतरी प्रियंका गांधी, लखनऊ में किया रोड शो

**लखनऊ।** यूपी में चौथे चरण का मतदान 2 फरवरी को होना है उसके लिए प्रचार के अंतिम दिन कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सोमवार को नबाबों के शहर लखनऊ में घोषित पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में रोड शो किया। प्रियंका ने बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार ललन कुमार के समर्थन में चिनहट इलाके में रोड शो की शुरुआत की। इस दौरान समर्थकों ने उन पर फूलों की वर्षा की और लोगों ने भी उनका स्वागत किया। कुमार ने बताया कि इस दौरान प्रियंका ने मौके पर मौजूद लड़कियों और महिलाओं को लड़की हूं, लड़ सकती हूं लिखे रिस्ट बैंड भी दिए। प्रियंका का यह रोड शो लखनऊ के विभिन्न इलाकों से होकर गुजरा।



### प्रधानमंत्री मोदी ने कोटा सड़क हादसे पर जताया शोक, की दो-दो लाख रुपए देने की घोषणा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के कोटा में सड़क हादसे पर सोमवार को शोक व्यक्त किया। ज्ञात हो कि रविवार को बारातियों को लेकर जा रहे एक वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होकर चंबल नदी में गिरने से नौ लोगों की मौत हो गई थी। उन्होंने मृतकों के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपए की सहायता राशि की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया राजस्थान के कोटा में हुई सड़क दुर्घटना व्यथित करने वाली है और इस हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति मैं संवेदना व्यक्त करता हूं। ईश्वर उन्हें यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। इसमें कहा गया है कि हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को दो -दो लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी और घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे।

### सीकर- ब्रेन डेड सुनील 4 लोगों को दे गया नई जिंदगी

**जयपुर।** अंगदान से बड़ा कोई दान नहीं वाली कहावत राजस्थान सीकर के सुनील साई पर पूरी तरह चरितार्थ होती है उसने दुनिया से जाते-जाते 4 लोगों को नई जिंदगी दे दी। सीकर के दूजोद के रहने वाले सुनील सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे राजधानी जयपुर के एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टरों ने उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया। सुनील की दोनों किडनी और लिवर का अंगदान किया गया है। दूजोद निवासी सुनील 16 फरवरी को सड़क हादसे में घायल हो गए थे। परिजनों के मुताबिक सुनील खेतों से काम करके घर लौट रहा है। सुनील को एसके अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। लेकिन हालत गंभीर होने पर उन्हें जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती करवाया गया। ब्रेन डेड घोषित करने के बाद परिजन सदमे थे। सुनील के परिवार में पत्नी और एक बच्चा है। एसएमएस अस्पताल के डाक्टरों ने सुनील के परिवार को अंगदान के लिए राजी कर लिया। ब्रेन डेड होने के बाद अस्पताल प्रशासन ने ऑर्गन डोनेशन के लिए राजी हो गए। एसएमएस अस्पताल में ऑर्गन ट्रांसप्लांट से जुड़ा प्रोसेस शुरू किया गया। जिसके बाद ब्रेन डेड मरीज की दोनों किडनी सवाई मानसिंह अस्पताल में ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया चल रही है। जबकि ग्रीन कॉरिडोर बनाकर मरीज का हार्ट इंटरनल अस्पताल भेजा गया है। मणिपाल अस्पताल में मरीज का लिवर ट्रांसप्लांट किया गया है। परिजनों ने बताया कि 16 फरवरी को दूजोद, सीकर में खेती का काम करके घर लौटते समय एक अज्ञात कार ने सुनील की गाड़ी को टक्कर मार दी थी। हादसे में सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया। सबसे पहले सुनील को जिला राजकीय अस्पताल एसके अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। हालत गंभीर होने पर उन्हें जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## उमा भारती का छलक पड़ा दर्द, कहा- सरकार मैं बनाती हूं, चलाता कोई और है



**भोपाल।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व सांसद उमा भारती खुश हैं कि केन-बेतवा नदी जोडने़ के प्रोजेक्ट को मंजूरी मिल गई है। इस प्रोजेक्ट के लिए उन्होंने खूब मेहनत की थी। पर उन्हें दर्द इस बात का है कि उनके कामों का क्रेडिट उन्हें नहीं मिलता। यह बात उनके यह कहने से और स्पष्ट हो गई कि सरकार मैं बनाती हूं, चलाता कोई और है। उमा भारती के नेतृत्व में ही 2003 में भाजपा ने मध्य प्रदेश में कांग्रेस को सत्ता से बेदखल किया था। एक गैर-जमानती वारंट की वजह से उन्हें कुर्सी छोडऩी पड़ी और बाबूलाल गौर व उसके बाद शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री बने। तब उमा भारती ने भारतीय जनशक्ति पार्टी बनाई और चुनाव भी लड़ा था। भाजपा में वापसी हुई तो मध्य प्रदेश की सक्रिय राजनीति से बाहर हो गई और उत्तर प्रदेश की होकर रह गई। केंद्र में मंत्री भी रहीं, पर 2019 में लोकसभा चुनाव का टिकट नहीं मिला और अब किसी पद पर नहीं हैं।

**क्रेडिट है कि मिलता नहीं:** टीकमगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मेरे साथ यह सुखद संयोग होता रहा है। सरकार मैं बनाती हूं, चलाता कोई और है। ललितपुर और सिंगरौली के बीच रेल लाइन का शिलान्यास हुआ, तब मैं भाजपा से बाहर थी। कांग्रेस की केंद्र में सरकार थी। कांग्रेस वालों ने मेरा नाम नहीं लिया। उद्घाटन जब हुआ, तब भाजपा वालों ने भी मेरा नाम नहीं लिया। केन-बेतवा का जब शिलान्यास होगा, तब प्रोटोकॉल का प्रॉब्लम आएगा। इस वजह से पहले ही मैं कह रही हूं कि प्रोजेक्ट लागू हो गया, मैं इसमें ही खुश हूं।

**एक बच्चे पर दो मां के दावे की कहानी:** उमा भारती ने प्रोजेक्ट के क्रेडिट को लेकर एक कहानी भी सुना दी। उन्होंने कहा कि एक बच्चे पर दो मां ने दावा कर दिया। राजा ने कहा कि हम इस समस्या को दूर करेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि बच्चे को चीरकर दो टुकड़े कर दो और दोनों को बांट दो। इस पर असली मां बोली कि मुझे नहीं चाहिए, दूसरी को ही दे दो। राजा ने फैसला सुना दिया कि जो मां मना कर रही है, वह ही असली मां है। बच्चा जिंदा रह गया यानी केन-बेतवा आ गई, यह ही मेरे लिए खुशी की बात है। हो सकता है कि केन-बेतवा का शिलान्यास हो, तब मैं मंच पर भी नहीं रह सकूंगी। लगता नहीं कि प्रोटोकॉल के बैरियर टूट पाएंगे।

**2024 में चुनाव लडने़ का दावा:** उमा भारती ने कहा किवह 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ेंगी। किस क्षेत्र से लडेंगी, इसका जवाब उन्होंने टाल दिया। उमा ने कहा कि मैंने कहा था कि मैं 2019 का चुनाव नहीं लडूंगी, लेकिन यह कभी नहीं कहा कि मैं कोई चुनाव नहीं लडूंगी।

## पहले बिजली का भी था मजहब, ईद-मुहर्रम पर आती थी और होली-दिवाली पर रहती थी नदारद : योगी

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए 23 फरवरी को मतदान होना है। सभी दलों का का प्रचार कार्य जारी है। इन सब के बीच एक बार फिर से बिजली के बहाने प्रदेश के ड्डठु ख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव पर निशाना साधा है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले बिजली की थी जाति और मजहब होती थी। अपने संबोधन में योगी ने कहा कि ईद और मोहर्रम होता था तो बिजली आएगी और होली-दिवाली पर या गायब हो जाती थी। आज ऐसा भेदभाव नहीं है। उन्होंने दावा किया कि आज चाहे होली-दिवाली हो या फिर ईद-मुहर्रम या क्रिसमस-शिवरात्रि, सब को बिजली देने का कार्य डबल इंजन की सरकार कर रही है। पहले बिजली की भी जाती और मजहब होती थी। ईद और मोहर्रम होता था तो बिजली आएगी और होली-दिवाली पर नहीं



आएगी। आज ऐसा भेदभाव नहीं है। आज चाहे होली-दिवाली हो या ईद-मोहर्रम या क्रिसमस या शिवरात्री सबको बिजली देना का कार्य डबल इंजन की सरकार ने किया है।

योगी आदित्यनाथ समाजवादी पार्टी पर हमला करते हुए कहा कि अहमदाबाद बम धमाकों के मामले में गुजरात की एक अदालत ने 38 लोगों को दोषी करार दिया है। इनमें से 8 का संबंध आजमगढ़ से है। इन 8 दोषियों में से एक दोषी के पिता समाजवादी पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता हैं। सपा प्रमुख को सफाई देनी चाहिए और जनता के सामने माफी मांगनी चाहिए। योगी ने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार प्रदेश में शैक्षिक विस्तार हेतु प्रतिबद्ध है। हमने लखनऊ में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में वास्तु कला संकाय की सौगात देकर इसी प्रतिबद्धता को और सशक्त किया है। शिक्षा के प्रकाश से आलोकित नए उत्तर प्रदेश की यह नई तस्वीर है। इससे पहले योगी ने खुद के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चला नहीं पाने के अखिलेश यादव के आरोप को बचकाना करार देते हुए कहा कि वह विभिन्न सरकारी योजनाओं की कार्यप्रणाली की निगरानी ई-डैशबोर्ड के जरिए करते हैं। योगी ने कहा कि यह बचकाना आरोप है।

## सपा ने घोषणा पत्र में किया आतंकियों को छोड़ने का वादा, कांग्रेस ने कमजोर की आतंक से लड़ाई : शाह

**पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चाणक्य माने जाने वाले गृहमंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन समाजवादी पार्टी को अपने निशाने पर तो रखा ही कांग्रेस पर भी हमला बोला। उन्होंने पीलीभीत में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उल्लेखनीय है कि पीलीभीत में 23 फरवरी को मतदान होना है।

अमित शाह ने कहा कि समाजवादी पार्टी तो उत्तर प्रदेश में आतंकियों के साथ है। सपा ने आतंकियों को छोडऩे का घोषणा पत्र में वादा किया था। उन्होंने जनता से सवाल किया कि



क्या आतंकियों को समर्थन देने वालों को वोट देना चाहिए। अमित शाह ने कहा सपा तथा कांग्रेस ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को कमजोर किया है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प आतंकवाद फैलाने वालों को देश दुनिया से मूल से उखाड़ फेंकना है। प्रियंका गांधी कहती हैं कि आतंकवाद फिजूल बात है। इस पर रोक लगाना फिजूल है। उनके नेता सलमान खुर्शीद कहते हैं, अहमदाबाद धमाके में पकड़े गए लोग निर्दोष हैं। अमित शाह ने कहा कि पीलीभीत वालो तीन चरण का परिणाम बताऊं। इसमें सपा तथा बसपा का सूपड़ा साफ हो चुका। कांग्रेस तो दूरबीन से भी दिखाई नहीं पड़ती। अमित शाह ने कहा कि भाजपा सरकार ने पांच वर्ष तक गरीब कल्याण, कानून व्यवस्था, युवाओं के लिए जो काम किए हैं, उससे भाजपा की लहर है। सातवें चरण तक यह लहर सुनामी में बदल जाएगी। इससे पहले अमित शाह ने कहा कि राजा मोरध्वज की पावन धरती पर मैं आपका स्वागत करता हूं। सिखों के बलिदान को सम्मान देने का काम पीएम नरेन्द्र मोदी ने किया है।

## वन-टू-वन

### आईपीएल में टिम पर रहेगा बेहतर प्रदर्शन का दबाव : वॉटसन

**दुबई।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वॉटसन के अनुसार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 सत्र सत्र में सिंगापुर के युवा खिलाड़ी टिम डेविड पर बेहतर प्रदर्शन के लिए भारी दबाव रहेगा। टिम को मेगा नीलामी में मुंबई इंडियंस ने 8.25 करोड़ रुपए की भारी भरकम राशि में खरीदा है। वॉटसन ने कहा कि बड़ी राशि मिलने से टीम की भी आपसे अपेक्षाएं बढ़ जाती है जिससे खिलाड़ी पर दबाव आता ही है। साथ ही कहा कि यह तब तक नहीं है जब तक आप खेल में हैं। यह तब भी रहता है जब आप मैदान से बाहर रहते हैं। इसलिए खिलाड़ी को हमेशा बेहतर प्रदर्शन के लिए अपने को मानसिक रुप से भी तैयार रखना होता है। यह तभी संभव होता है जब आप दबाव को झेलते हैं और उससे कैसे बाहर निकलते हैं उसका विचार करते हैं। मैंने ऐसे कई खिलाड़ी देखे हैं जिन्हें यह उम्मीद थी और वे इसके तहत आगे बढ़े। बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर उस तरह के खिलाड़ी हैं जिनपर दबाव का प्रभाव नहीं पड़ा। वहीं कई खिलाड़ी ऐसे भी है जिनका खेल दबाव के कारण बेकार हो गया। सिंगापुर के टिम बीबीएल में खेलते हैं। उन्हें पहली बार आईपीएल में खेलने का मौका मिला है और वह मुंबई इंडियंस के लिए खेलेंगे। इसलिए वहां दबाव होगा। विश्व स्तर के शीर्ष खिलाड़ियों के होने के कारण आईपीएल में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा भी देखने को मिली है। इससे भी मुकाबले कठिन होते हैं और खिलाड़ियों पर दबाव आता है।

### धवन की तरह जश्न मनाने के कारण पाक क्रिकेट पर लगा था दो बार जुर्माना

**लाहौर।** पाकिस्तान के एक क्रिकेटर साजिद खान पर अब तक दो बार जुर्माना लगा है। साजिद पर यह जुर्माना टीम इंडिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन की तरह ही जश्न मनाने के कारण लगाया गया था। धवन का मैच में जश?न मनाने का अलग ही अंदाज है। वह कैच लेने या फिर शतक लगाने के बाद अपनी जांघ पर ताल ठोकते हैं। इसके बाद से ही जश्न के इस अंदाज को धवन के नाम से जाना जाने लगा है। इसी की नकल करना पाक क्रिकेटर साजिद को महंगा पड़ा है। उनपर 2 बार जुर्माना लगाया गया था। साजिद ने हाल ही में धवन की तरह जश्न मनाने की बात कही थी। पिछले साल टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने वाले साजिद ने पाकिस्तान के लिए 4 टेस्ट मैच खेले हैं और 18 विकेट भी हासिल कर लिए हैं। साजिद ने कहा कि धवन की तरह फर्स्ट क्लास क्रिकेट में जश्न मनाने के कारण उन्हें 2 बार चेतावनी दी गई थी। धवन लंबे समय से अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में इस तरह से जश्न मना रहे हैं।

# युवा खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करते देखकर खुश हुई : रोहित



**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में टीम इंडिया को मिली 3-0 की शानदार जीत पर खुशी व्यक्त की है। रोहित ने सीरीज में बेहतर प्रदर्शन के लिए युवा खिलाड़ियों की तारीफ करते हुए कहा कि नए खिलाड़ियों को कठिन क्षणों के अंदर बेहतर प्रदर्शन करते देखकर अच्छा लगा। तीसरे मैच में एक समय भारतीय टीम दबाव में थी पर इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने 31 गेंदों में 65 रन और वेंकटेश अय्यर ने 19 गेंदों में 35 रनों की आक्रामक पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई।

रोहित ने कहा, इस सरीज में हमें वह सब कुछ मिला जो हम चाहते थे। हम समझते हैं कि हम एक टीम के रूप में बहुत युवा हैं। हम अभी भी एक अच्छी पीछा करने वाली टीम हैं। इस सीरीज में हम चाहते थे कि युवा खिलाड़ी समझें कि कैसे दबाव की स्थिति में बल्लेबाजी करनी होती है। नए खिलाड़ियों को कठिन हालातों में बेहतर प्रदर्शन करते देखना अच्छा लगा। एक समूह के रूप में अच्छा संकेत है और गर्व की बात है। इसके साथ ही उन्होंने एकदिवसीय और टी20 दोनो ही सीरीज में प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए गेंदबाजों की भी जमकर प्रशंसा की। उन्होंने यहा भी कहा कि ऑस्ट्रेलिया में अगामी टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हमने कार्यभार प्रबंधन के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इसी के तहत ही कुछ अनुभवी खिलाड़ियों को श्रीलंका सीरीज में आराम दिया गया है जिससे कि वे तारोताजा हो सके। श्रीलंका के साथ सीरीज एक अलग प्रकार की रहेगी।

### साहा के बयान से दुखी नहीं : द्रविड़



**कोलकाता।** टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा के उस बयान से वह आहत नहीं हैं जिसमें साहा ने उन दोनो के बीच हुई बातचीन का खुलासा कर दिया था। साहा ने कहा था कि द्रविड़ ने उन्हें संन्यास लेने की सलाह दी है। द्रविड़ के अनुसार साहा भविष्य की योजनाओं को लेकर सही स्थिति जानने का अधिकारी है। साहा को पिछले काफी समय से हाल में भारतीय टीम की तरफ से खेलने का मौका नहीं मिला। द्रविड़ ने कहा कि साहा से बात करने के पीछे उनका इरादा यह तय करना था कि उन्हें यह स्पष्ट तौर पर पता हो कि टीम में उनकी स्थिति क्या है और उन्हें इसका पछतावा नहीं है। द्रविड़ ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 श्रृंखला में भारत की 3-0 से जीत के बाद कहा, ''मैं वास्तव में आहत नहीं हूं। मैं साहा तथा भारतीय क्रिकेट में उनकी उपलब्धियों और योगदान का पूरा सम्मान करता हूं। मेरी बातचीत इसी संदर्भ में थी। मुझे लगता है कि वह सच्चाई और स्पष्टता के अधिकारी हैं।'' साहा ने भारत की तरफ से 40 टेस्ट मैच खेले हैं। इस 37 वर्षीय विकेटकीपर को श्रृंखला के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिये टीम में नहीं चुना गया। वह रणजी ट्राफी में भी नहीं खेल रहे हैं। द्रविड़ ने कहा कि वह आगे भी खिलाड़ियों से इस तरह की स्पष्ट बातचीत जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, ''इस तरह की बातचीत मैं लगातार खिलाड़ियों के साथ करता आया हूं। मैं यह उम्मीद भी नहीं करता कि मैं खिलाड़ियों के बारे में जो कुछ कहता हूं वे भी हमेशा उससे सहमत होंगे।'' साथ ही कहा कि खिलाड़ियों के साथ कठिन फैसलों बातचीत करना भी जरुरी है।

# हर प्रारुप में विराट की तरह रन बनाना चाहते हैं यश

**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान यश ढुल भी भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली की तरह हर प्रारुप में शीर्ष बल्लेबाज बनना चाहते हैं। यश ने कहा कि विराट भाई मेरे आदर्श हैं। मैं उन्हीं की तरह हर फॉर्मेट का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बनना चाहता हूं। यश ने विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के बाद अपने रणजी पदार्पण में भी शतक लगाया है। टेस्ट प्रारुप पर इस क्रिकेटर ने कहा, %सिर्फ गेंद का रंग ही बदला है, खेल तो वही है। यह मेरे लिए सामान्य है। मैं बस मैदान पर अच्छी बल्लेबाजी करना चाहता था और मैंने यही किया भी। मैं कोई दबाव महसूस नहीं करता। मैं वहां शांत दिमाग के साथ बल्लेबाजी के लिए गया था। सबसे अच्छी बात यह थी कि मुझे अपनी खेल शैली पर भरोसा था। उन्होंने अपने सपने के बारे में कहा, मैं विराट कोहली की तरह हर प्रारुप में खिलाड़ी बनना चाहता हूं। वह खेल के दिग्गज हैं। उन्होंने तीनों प्रारूपों में शानदार खेल दिखाया है। मैं भी उन्हीं की तह ही तीनों प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ बनना चाहता हूं। वह मेरी प्रेरणा हैं। यश ने कहा कि अपने पहले मैच में वह घबराये नहीं क्योंकि उन्होंने अंडर-19 विश्व कप में दबाव का सामना किया था। उस टूर्नामेंट से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला था। उन्होंने अपने कोच और सीनियर खिलाड़ियों से मिले समर्थन को लेकर कहा, मैंने अपने कोच राजेश सर, अनुज रावत और राजकुमार सर जैसे सीनियर्स से रणजी डेब्यू से पहले बात की और उन्होंने कहा कि यह सब मानसिकता के बारे में है। राजेश सर ने कहा - %शांत रहो, जाओ और जिस तरह से बल्लेबाजी करते हो वैसे ही बल्लेबाजी करो। उन्होंने कहा, %आप विश्व कप विजेता कप्तान हैं और आप पहले ही सबसे बड़े स्तर पर प्रदर्शन कर चुके हैं, इसलिए यह आपके लिए एक आसान होगा। उन्होंने मुझे इसके बारे में बिल्कुल नहीं सोचने के लिए कहा।






# कुब्रा सैत ने कंगना रणौत पर साधा निशाना



किसान आंदोलन को लेकर हॉलीवुड की पॉप स्टार रिहाना के ट्वीट के बाद कंगना ने भी उन्हें जवाब दिया है। इसके बाद से ही कंगना एक बार फिर से सुर्खियों में आ गई हैं। कंगना ने रिहाना को जैसे ही जवाब दिया, इसके बाद से सोशल मीडिया पर मीम्स की भी बाढ़ आ गई। इसके अलावा अलग- अलग तरह से लोग प्रतिक्रिया देने लगे। इसी बीच सेक्रेड गेम्स फेम अभिनेत्री कुब्रा सैत ने भी कंगना रणौत पर तंज कसा है। कंगना ने रिहाना को अपने अंदाज में जवाब दिया। लेकिन उनके ही साथी कलाकारों को उनकी ये तल्ख टिप्पणी पसंद नहीं आई। जिसके लिए उन्होंने कंगना का विरोध किया है। इन सेलेब्स में अभिनेत्री कुब्रा सैत का नाम भी शामिल है। कुब्रा सैत ने कंगना का नाम लिए बिना ही उनके ऊपर तंज कसा है। कुब्रा ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट के जरिए कंगना नाम लिए बिना उन पर तंज कसा। कुब्रा ने अपने ट्वीट में लिखा, चीन चीन बुला बुला के बेड़ा गर्क कर दिया है! कुब्रा के इस ट्वीट में कंगना का नाम तो नहीं है लेकिन उन्होंने इसमें चीन लिखा है और कंगना को ही चीन कहकर संबोधित किया जाता है। ऐसे में कुब्रा का ये ट्वीट कंगना पर तंज ही माना जा रहा है। कंगना ने रिहाना के ट्वीट का जवाब देते हुए लिखा था, कोई भी बात इसलिए नहीं कर रहा है क्योंकि ये किसान नहीं, आतंकवादी हैं।

## चूहा बिल्ली में दो-ध्रुवीय किरदार निभाएंगी अदा शर्मा



अदा शर्मा अब चूहा बिल्ली नाम की एक फिल्म में दिखाई देंगी, जिसमें वह दो-ध्रुवीय और डिप्रेशन की शिकार लड़की का किरदार निभाएंगी। अदा ने बताया, चूहा बिल्ली में मैं एक ऐसी लड़की की भूमिका निभा रही हूं, जो बायपोलर है। वह डिप्रेशन में है और वह इसका अच्छी तरह से सामना नहीं कर पा रही है। मैं इस कैरेक्टर से बिल्कुल अलग हूं और इसीलिए इस कैरेक्टर ने मुझे आकर्षित किया। हमने फिल्म के लिए बहुत सारी वर्कशॉप कीं। उन्होंने कहा कि फिल्म के निर्देशक प्रसाद कदम चाहते थे कि मुझमें यह बदलाव हर कुछ सेंकेंड में नजर आए। अदा ने कहा, यानी कि वह कैरेक्टर कभी बहुत उत्साहित है और कुछ ही सेकंड में बहुत दुखी हो जाती है। वह चाहते थे कि यह बदलाव बहुत सूक्ष्म हो इसलिए यह सब कुछ आंखों में ही नजर आ जाएगा। मैं लोगों के फिल्म देखने तक का इंतजार नहीं कर पा रही हूं। मैंने अब तक जो भी भूमिकाएं निभाई हैं, यह उससे बहुत अलग है।

## कॉमेडी नहीं, बल्कि ड्रामा में हूं माहिर : शरमन जोशी



अभिनेता शरमन जोशी अपने फिल्मी करियर में एक्सक्यूज मी, रंग दे बसंती, गोलमाल सीरीज और 3 इडियट्स जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में काम कर चुके हैं, जिसमें उन्होंने अपनी शानदार कॉमिक टाइमिंग से लोगों को खूब हंसाया है। अब ऐसे में शरमन का यह कहना कि एक कलाकार के तौर पर वह कॉमेडी में नहीं बल्कि ड्रामा में माहिर है, वाकई में हैरान कर देने वाला है। शरमन ने कहा, मुझे लगता है कि ड्रामा मुझमें स्वाभाविक रूप से है। मैं इसे अधिक सहजता के साथ कर लेता हूं। कॉलेज के नाटकों से जब मैंने एक्टिंग की शुरुआत की थी, तो मैं इसमें काफी सहज था। मुझे इसे अधिक समझना या सीखना नहीं पड़ा। कॉमेडी की जगह यह मुझे अधिक सही ढंग से करने आया। उन्होंने आगे बताया, मैं कॉमेडी में भी अच्छा था, लेकिन मुझे इसकी बारीकियां सीखनी पड़ीं। थिएटर के अपने अनुभव के साथ मुझे इन बारीकियों पर काम करने का भरपूर मौका भी मिला।

# रानी मुखर्जी नहीं चाहती थीं इस फिल्म में काम करना



संजय लीला भंसाली की फिल्म ब्लैक को रिलीज हुए आज 16 साल पूरे हो गए हैं। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और रानी मुखर्जी ने अभिनय किया है। बेहद चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने वाली रानी मुखर्जी ने यह कहकर चौंका दिया है कि पहले वे यह भूमिका निभाने के लिए तैयार नहीं थीं। दिव्यांग लड़की मिशेल मैकनेली का रोल निभाने वाली रानी ने कहा, जब संजय ने मुझे यह रोल ऑफर किया तो मैं इसे करने के लिए तैयार नहीं थी। इसके पीछे की वजह फिल्म या किरदार को लेकर कोई संदेह नहीं था, क्योंकि उनके साथ काम करना हर अभिनेता का सपना होता है। मैं भी यह मौका पाकर खुश थी लेकिन एक अभिनेता के तौर पर मुझे भरोसा नहीं था कि मैं ये काम कर पाऊंगी। मैंने इस बारे में संजय से चर्चा भी की, क्योंकि यह बहुत ही मुश्किल रोल था। मैं पहले इस रोल को लेकर बहुत डरी हुई थी।

रानी ने आगे कहा, जब उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि मैं ये किरदार निभा लूंगी और वो मुझे हर कदम पर इसके लिए मार्गदर्शन देंगे, तब मुझमें इसे लेकर आत्मविश्वास जागा। संजय ने अपना वादा पूरा किया। मुझे गहन प्रशिक्षण दिया गया। मैंने साइन लैंग्वेज सीखी। ऐसे लोगों के साथ मैंने 6 महीने तक बातचीत की और उनकी जिंदगी को करीब से देखा, तब कहीं जाकर मैं मिशेल का किरदार निभाने के लिए सक्षम हो पाई। इस फिल्म को देखने के बाद दिलीप कुमार ने उनके अभिनय की सराहना की। रानी ने बताया, दिग्गज अभिनेता दिलीप कुमार ने फिल्म देखने के बाद मुझे एप्रीसिएशन लेटर भेजा। मुझे लगता है कि एक अभिनेता के रूप में मिली तारीफों में ये मेरे लिए सबसे अहम है कि उन जैसे दिग्गज अभिनेता ने मेरी सराहना की।

# मुसीबत का साथी है गुलाबजल, इन टिप्स की गांठ बांध लें लड़के-लड़कियां

■ चाहे आप कॉलेज जाते हैं या ऑफिस, कोई भी लड़का और लड़की इस बात से इनकार नहीं कर सकते कि उनकी लाइफ में बेड हेयर डे या बेड स्किन डे नहीं आते। कभी बाल बहुत बेढंगे लग रहे होते हैं तो कभी त्वचा एकदम मुरझाई हुई। नहाने के बाद भी नहीं लगता कि जैसे नहाकर निकले हैं।

■ वहीं, कई बार ऐसा भी होता है, जब आपके पास नहाने का समय ही नहीं होता। क्योंकि देर से आंख खुलने के कारण आपके पास रेडी होने का वक्त ही नहीं बचता। ऐसे में गुलाबजल आपके लिए लाइफ सेवर की तरह काम कर सकता है। हम यहां आपको गुलाबजल की मदद से दो मिनट में रेडी होने के टिप्स बता रहे हैं...

### नहाने का समय नहीं बचा है

■ ऑफिस या क्लास के लिए देर हो रही है और आपके पास नहाने का समय नहीं बचा हो तो फिकर नोट, गुलाबजल है ना! गुलाबजल की बॉटल उठाइए चेहरे से लेकर अंडरआर्म्स तक स्प्रे करिए और सूती रुमाल (कॉटन हैंकी) से हल्के हाथों से पोछ लीजिए।

■ कपड़े पहनकर रेडी हो जाइए, आपके सिवा किसी को पता नहीं चलेगा कि आज आप नहाए नहीं हैं! इस बात का ध्यान रखें कि कॉटन के हैंकी से सबसे पहले हल्के हाथों से चेहरा पोछें और फिर अंडरआर्म्स। इससे जब तक आप अंडरआर्म्स साफ करेंगे चेहरे पर ताजगी आ जाएगी।

### जब बाल बुरे लग रहे हों





■ आपके पास शैंपू करने का समय नहीं है और बाल हैं कि सेट होने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। कोई समस्या नहीं। परेशान होने के बजाय गुलाबजल स्प्रे उठाएं और बालों पर बीच-बीच में हल्का स्प्रे कर लें।

■ यदि आपके पास गुलाजल की स्प्रे बॉटल नहीं है तो हथेली में गुलाबजल लेकर उंगलियों की मदद से बालों में लगाएं। कंघी करें आपके बाल आराम से सेट हो जाएंगे। साथ ही फ्रेशनेश और नैचरल खूशबू के कारण आपको देखकर यह भी नहीं लगेगा कि आप नहाए नहीं हैं!

### सिर में बहुत खुजली हो रही हो तब

■ अगर सिर में डैंड्रफ के कारण खुजली हो रही है या फिर कई दिन से शैंपू नहीं कर पाए हैं इसलिए खुजली हो रही है, तब भी परेशान ना हों। गुलाबजल लें और इसे बालों की जड़ों में तेल की तरह लगाएं।

■ पूरे सिर में तेल की तरह इसे लगाने के बाद बहुत हल्की-सी मसाज करें। फिर गुलाबजल हाथों में लेकर हल्का-हल्का बालों पर लंबाई में भी लगा लें। कंघी करें और अपने बाल बांध लें। आज के लिए खुजली से शांति मिल जाएगी। साथ ही आप फ्रेश भी लगेंगे।

### आंखों पर सूजन है

■ रात को ठीक से सो नहीं पाए या बहुत अधिक सो लिए हैं तो आंखों पर सूजन तो आएगी ही। चलिए अब इसे उतारने का काम करते हैं। गुलाबजल की मदद से दो रुई के फोहे बना लें। अब इन्हें पलकों पर रखें और कुछ देर के लिए लेट जाएं।

■ यदि लेटने का समय नहीं बचा है तो इन्हें आंखों पर रखकर हल्के हाथों से दबाएं। सिर्फ 1 से 2 मिनट के ऐसा करें और अपने दूसरे काम निपटाकर ऑफिस या कॉलेज के लिए निकल जाएं।

# प्रिया प्रकाश वारियर की टॉलिवुड डेब्यू फिल्म चेक का ट्रेलर रिलीज



कभी अपनी आंखों के इशारों से दुनियाभर के लोगों का दिल जीतने वाली ऐक्ट्रेस प्रिया प्रकाश वारियर की नई फिल्म चेक का ट्रेलर रिलीज हो गया। इस फिल्म से प्रिया टॉलिवुड डेब्यू कर रही हैं। इसमें पॉप्युलर ऐक्टर निथिन और रकुल प्रीत सिंह लीड रोल्स में हैं। बता दें, कुछ दिनों पहले 40 सेकंड का एक टीजर रिलीज किया गया था जिसमें फिल्म की झलक दिखाई गई थी। अब मेकर्स ने थ्रिलर ड्रामा का ट्रेलर रिलीज कर दिया है जिसमें कई ट्विस्ट्स और टर्न्स हैं। इसमें निथिन कैदी के रूप में नजर आ रहे हैं जिसे गद्दार दिखाया गया है और उसे मौत की सजा दे दी जाती है। जेल में रहते हुए निथिन का कैरक्टर चैंपियन की तरह अपनी चेस खेलने की क्षमता दिखाता है और कैदी होने के बावजूद वह कई कॉम्पिटिशन्स में हिस्सा लेता है। वहीं, रकुल प्रीत सिंह फिल्म में क्रिमिनल वकील के रोल में हैं जिन्हें लगता है कि निथिन निर्दोष हैं। वह उनके लिए लड़ती हैं ताकि उन्हें सजा ना हो। वह कोर्ट से अपील करती हैं कि निथिन को कॉम्पिटिशन्स में हिस्सा लेने दिया जाए और टैलंट दिखाने का मौका दिया जाए। इसी बीच जेल में कुछ ऐक्शन सीन्स होते हैं और फ्लैशबैक में निथिन के साथ प्रिया प्रकाश वारियर नजर आती हैं। डायरेक्टर चंद्र शेखर की इस फिल्म के ट्रेलर को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं।

# वर्कआउट करते समय की अगर ये 5 गलतियां, तो नहीं घटेगा वजन



वजन कम करने के लिए एक्सरसाइज करने के एक डेली रूटीन को फॉलो करने से पहले उसकी अच्छे तरीके से प्लानिंग बहुत जरूरी है। एक वेल प्लांड वर्कआउट रूटीन फैट बर्निंग को तेज कर सकता है। इसके अलावा आपकी ढीली त्वचा को भी टोन कर सकता है। वजन घटाने के पीछे के सही मकसद के मुताबिक सही एक्सरसाइज चुनना बहुत मायने रखता है, उसमें हर छोटी बात अहम होती है। बहुत से लोग घंटों जिम और रनिंग ट्रैक में पसीना बहाते हैं, लेकिन फिर भी उन्हें सही नतीजे नहीं मिलते। अगर आप उनमें से एक हैं तो मुमकिन है कि एक्सरसाइज के दौरान गलतियां कर रहे हैं। आज हम आपको बता रहे हैं एक्सरसाइज के दौरान क्या है वे गलतियां, जो आपके वेटलॉस के बीच रुकावट बन रही हैं।

**वर्कआउट के बाद ज्यादा प्रोटीन लेना:** प्रोटीन शरीर के लिए जरूरी है और एक्सरसाइज सेशन के बाद इसे लेने से बॉडी का मेनटेंस और मसल्स को ठीक करने में मदद मिलती है। लेकिन प्रोटीन ड्रिंक्स पर पूरी तरह से डिपेडेंट होने या ज्यादा सेवन से आपको अपने मकसद को जल्द पाने में मदद नहीं मिलेगी। एक हार्डकोर फिजिकली एक्टिव शख्स को सामान्य तौर पर शरीर के वजन के प्रति किलोग्राम के हिसाब से 1.2 से 2.0 ग्राम तक प्रोटीन लेने का सुझाव दिया जाता है। एक्सट्रा प्रोटीन असल में फैट के रूप में शरीर में जमा होता है, जबकि अमीनो एसिड का अतिरिक्त भाग उत्सर्जित होता है। इससे कुछ वक्त बाद वजन बढ़ सकता है।

**अपने आप को चैलेंजिंग लेवल तक नहीं ले जाना:** ज्यादा से ज्यादा कैलोरी बर्न करने और बॉडी से फैट कम करने के लिए आपको अपनी लिमिट को बढ़ाना होगा। जब आप खुद को चैलेंजिंग लेवल तक लेकर जाएंगे तभी कैलोरी को बर्न कर पाएंगे। इसके लिए आपको रोजाना कम-से-कम 30 से 40 मिनट तक एक्सरसाइज करने की जरूरत है। चाहे जिमिंग हो, वॉकिंग हो या रनिंग, ऐसा सभी तरह की एक्सरसाइज को लेकर फॉलो करना है।

**पूरी तरह कार्डियो पर फोकस करना:** यह तो सभी मानते हैं कि कार्डियो एक्सरसाइज आपको ज्यादा कैलोरी बर्न करने में मदद कर सकती है। सच यह है कि स्ट्रेंथ ट्रेनिंग एक्सरसाइज आपके आराम करने के दौरान भी कैलोरी बर्न करने में मददगार साबित हो सकती हैं। जब मकसद वेटलॉस करना हो तो केवल कार्डियो पर डिपेंड करना सही नहीं हो सकता है। दोनों तरह की एक्सरसाइज के बीच बैलेंस बनाए रखें।

## साथ में दो इमरान हाशमी देखकर चौंके फैन्स



इमरान हाशमी रीसेंटली भले ही सिलेक्टेड फिल्मों में नजर आ रहे हों लेकिन उनका अलग ही फैन बेस है। फिलहाल वह अपनी अपकमिंग फिल्म मुंबई सागा को लेकर चर्चा में हैं। रीसेंटली उनका एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है। इसमें आप एक साथ दो इमरान हाशमी देखकर चौंक जाएंगे। इमरान हाशमी को रीसेंटली जिम के बाहर कुछ फटॉग्रफर्स मिल गए। सबसे इंट्रेस्टिंग बात थी कि इमरान के साथ उनका एक जबरा फैन भी था, जो काफी कुछ उनके जैसा दिख रहा था। इमरान ने अपने इस फैन के साथ तस्वीरें खिंचवाई। उनके इस वीडियो मजेदार कॉमेंट्स आए हैं। एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा है, मैं फैन को इमरान समझा। वहीं एक और ने लिखा है, अगर इमरान हाशमी मीडियम साइजहैं तो ये एक्स्ट्रा स्मॉल इमरान हाशमी है। कई लोगों को इमरान और उनके फैन का लुक सेम टु सेम लग रहा है। इमरान हाशमी के वर्क फ्रंट पर बात करें तो बीते साल वह द बॉडी, वाई चीट इंडिया में नजर आए थे। उनकी फिल्म मुंबई सागा की शूटिंग अगस्त 2019 में शुरू हुई थी। मार्च 2020 में कोरोना के चलते इसको रोकना पड़ा। जून 2020 में इसकी शूटिंग फिर से शुरू हुई थी जो कि अक्टूबर 2020 में पूरी हो चुकी है।

## राज्यपाल-मुख्यमंत्री विवाद

**वेदप्रताप वैदिक**

केरल में कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की सरकार है और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सरकार है। इन दोनों राज्यों के राज्यपालों और मुख्यमंत्रियों की बीच सतत मुठभेड़ का माहौल बना रहता है। इन दोनों प्रदेशों से आए दिन ऐसी खबरें दिल्ली के अखबारों में मुखपृष्ठों पर छाए रहती हैं कि जो वहां किसी न किसी संवैधानिक संकट का संदेह पैदा करती रहती हैं। भारत की संघात्मक व्यवस्था पर भी ये मुठभेड़ें पुनर्विचार के लिए विवश करती हैं। यदि केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने अपने निजी स्टाफ में किसी व्यक्ति को नियुक्त कर लिया तो उन्हीं के वरिष्ठ अधिकारी को यह हिम्मत कहां से आ गई कि वह राज्यपाल को पत्र लिखकर उसका विरोध करे? जाहिर है कि मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन के इशारे के बिना वह यह दुस्साहस नहीं कर सकता था। इस पर राज्यपाल की नाराजगी स्वाभाविक है। राज्यपाल आरिफ खान का तर्क है कि केरल में मंत्री लोग अपने 20-20 लोगों के व्यक्तिगत स्टाफ को नियुक्त करने में स्वतंत्र हैं। उन्हें किसी से पूछना नहीं पड़ता है तो राज्यपाल को अपना निजी सहायक नियुक्त करने की स्वतंत्रता क्यों नहीं होनी चाहिए? उन्होंने एक गंभीर दांव-पेंच को भी इस बहस के दौरान उजागर कर दिया है। दिल्ली के केंद्रीय मंत्री अपने निजी स्टाफ में लगभग दर्जन भर से ज्यादा लोगों को नियुक्त नहीं कर सकते लेकिन केरल में 20 लोग की नियुक्ति की सुविधा क्यों दी गई है? इतना ही नहीं, ये 20 व्यक्ति प्रायः मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य होते हैं और इन्हें ढाई साल की नौकरी के बाद जीवन भर पेंशन मिलती रहती है। यह पार्टीबाजी का नया पैंतरा सरकारी कर्मचारियों के कुल खर्च में सेंध लगाता है। राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच इस बात को लेकर भी पिछले दिनों सख्त विवाद छिड़ गया था कि किसी विश्वविद्यालय में उप-कुलपति की नियुक्ति करने का अधिकार राज्यपाल को है या नहीं? मुख्यमंत्री तो प्रस्तावित नामों की सूची भर भेजते हैं। आरिफ खान कुछ अनुपयुक्त नामों से इतने तंग हो गए थे कि वे अपने इस अधिकार को ही तिलांजलि देने को तैयार थे। अब केरल के कम्युनिस्ट नेताओं ने यह गुहार लगाना भी शुरु कर दिया है कि राज्यपाल का पद ही खत्म कर दिया जाए या विधानसभा को अधिकार हो कि उसे वह बर्खास्त कर सके। उसकी सहमति से ही राज्यपाल की नियुक्ति हो। यदि केरल के कम्युनिस्ट नेताओं को इस बात को मान लिया जाए तो भारत का संघात्मक ढांचा ही चरमराने लग सकता है। प्रदेशों के कई राज्यपाल और मुख्यमंत्री मेरे व्यक्तिगत मित्र है। वे ऐसे विवादों का जिक्र अक्सर करते हैं। ऐसे विवादग्रस्त प्रांतों, खासकर राज्यपाल जगदीप धनकड़ और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के तनाव की खबरें पढ़कर मुझे बहुत दुख होता है। ममताजी कई बार अपने भाषणों और क्रिया-कलापों में मर्यादा लांघ जाती हैं। अन्य राज्यों से भी ऐसी शिकायतें आती रहती हैं। राज्यपाल का पद मुख्यमंत्री से ऊँचा होता है। इसलिए प्रत्येक मुख्यमंत्री के लिए यह जरुरी है कि वह किसी मुद्दे पर अपने राज्यपाल से असहमत हो तो भी वह शिष्टता का पूरा ध्यान रखे। इसी तरह से राज्यपालों को भी चाहिए कि निरंतर तनाव में रहने की बजाय अपने मुख्यमंत्री को सही और संवैधानिक मर्यादा बताकर उसे अपने हाल पर छोड़ दें। वह जो भी उटपटांग काम करेगा, उसका फल भुगते बिना नहीं रहेगा।

# कहो तो कह दूँ: अब पता लगा कि डायनासोरों को कोरोना ने ही निबटाया था

**चैतन्य भट्ट**

कहते हैं कि हजारों लाखों साल पहले इस धरती पर विशालकाय डायनासोर हुआ करते थे, लेकिन धीरे धीरे उनका वजूद ख़त्म हो गया और अब डायनासोर सिर्फ फोटुओं में दिखाई देते हैंद्य ये डायनासोर कैसे ख़तम हो गए उनकी मौत का क्या कारण था इस पर खोजबीन जारी थी और अब जाकर पता लगा कि ये साला कोरोना डायनासोरों पर भी भारी पड़ गया थाद्य कहा तो ये जा रहा था कि ये कोरोना चीन में बनाये गए वायरस से उत्पन्न हुआ हैं लेकिन अमेरिका के मोटान राज्य के माल्टा शहर के डाक्टर कैरी वुडरफ ने बताया कि उनकी खोज से ये बात सामने आई कि डायनासोरों को भी सर्दी होती थी, खांसी आती थी, बुखार भी चढ जाता था और फेंफडों में भी संक्रमण हो जाता था और उससे उनकी मौत हो जाती थीद्य ये सारे लक्षण तो कोरोना के ही हैं यानि ये साला कोरोना उस जमाने से दुनिया में घूम रहा हैं और डायनासोरों जैवे विशालकाय जानवरों को तक अलसेठ दे चुका हैं तो इंसान की बिसात ही क्या है, यानी सारे डायनासोर इसी चक्कर में मरे होंगे क्योकि उस जमाने ने प्राइवेट अस्पताल तो होते नहीं थे कि बेचारे भर्ती हो जाते, सरकारी अस्पतालों की हालत लगता है उस वक्त भी ऐसी ही रही होगी जैसी आज हैं कि अगर वंहा गए तो लौट कर आ जाओगे इस बात की कोई गारंटी नहीं हैद्य डायनासोरों के पास न तो मास्क था और न ही वे सोशल डिस्टेंसिंग का पालन ही करते होंगे, कोई ऐसा नेता भी नहीं रहा होगा जो सारे देश में लॉक डाउन की घोषणा कर दे यानि किसी एक डायनासोर को कोरोना हुआ होगा तो उसने पूरी जात के डायनासोरों में ये बीमारी फैला दी होगीद्य उस ज़माने में रेमेडिसीवर इंजेक्शन भी नहीं रहे होंगे और न ही नकली रेमेडिसीवर बनाने और लगाने वाले अस्पताल के संचालक ही रहे होंगे, यानि कुल मिलकर ये डायनासोर बिना इलाज के खत्म हो गए होंगेद्य अगर कम से काम मास्क ही लगा लेते तो बच जाते लेकिन उनके मुंह के बराबर का मास्क भी तो अवेलेबल नहीं होता होगा लगाते तो लगाते, कैसे आइसोलेट भी नहीं हो पाए होंगे ऐसे में कोरोना फैलना था तो फ़ैल गयाद्य अमेरिका के डाक्टर ने ये अच्छी खोज करी, नाहक ही सब लोग चीन को गरिया रहे थे कि चाइना ने कोरोना का वायरस बना दिया हैं लेकिन इस खोज से साफ़ हो गया कि ये कोरोना लाखों साल पुराना है एक बात जरूर हैं कि यदि उस वक्त वेक्सीन आ जाती तो वेक्सीन के दोनों और बूस्टर डोज लगवाने वाले डायनासोर ज़िंदा रहे आते और उन्हें हम सिर्फ फोटुओं में नहीं बल्कि सामने भी देख पातेद्य

### ये गुरु महाराज भी बड़े अजीब हैं

लो भैया जो लड़के सर पर सेहरा बाँध कर घोड़ी पर चढ़कर अपने दोस्तों का नागिन डांस देखते हुए दुल्हन के द्वार पर जाने की सोच रहे थे उनको अपने गुरु महाराज ने अड़ी पटक दी हैं, अब वे अस्त हो गए हैं और पंद्रह अप्रेल को फिर से उदय होंगे, यानी इतने दिनों तक शादी ब्याह पर स्टॉप लग गया है जो दूल्हे इस बीच निबट गए तो निबट गए और जो रह गए उन्हें अब उन्हीं गुरुजी के उदय होने का इन्तजार करना पड़ेगाद्य अभी तो अपने को सूरज के उदय और अस्त होने के बारे में मालूम था ये गुरूजी कब से उदय और अस्त होने लगे हैं लेकिन पंडित लोग बताते हैं कि उनके उदय और अस्त होने का सिलसिला तो ढ्ढड्ढ्रढ्ढह्लश्च साल पुराना हैं चूंकि गुरु महाराज शादी ब्याह के देवता माने जाते हैं इसलिए जब अस्त हो जाते हैं तो शादी ब्याह रुक जाती हैं कभी शुक्र महाराज भी अस्त हो जाते हैं उस वक्त भी इन शादी ब्याह करने वाले लड़की और लड़कियों



को परेशानी हो जाती हैंद्य कभी देवता सो जाते हैं तो कई महीने शादी ब्याह नही हो पाती हैं और जब देवता जागते हैं तो शादी ब्याह की भरमार हो जाती हैं, पंडितों के ये हाल हो जाते हैं कि एक फेरा यंहा का करवाते हैं तो दूसरा फेरा दूसरे दूल्हे का, एक मंत्र इस शादी में पढ़ते हैं तो दूसरा मन्त्र दूसरी शादी में हलवाई एक जगह रसगुल्ला बनाकर आता हैं तो दूसरी जगह मूंग का हलुआ बनाने पहुंच जाता हैं अपनी तो गुरूजी से और शुक्राचार्य जी से एक ही विनती हैं कि ये अस्त और उदय होने की परंपरा ख़त्म करो हमेशा जागते रहो, एलर्ट रहो और बारह महीने दूल्हों को घोड़ी पर और दुल्हनों को डोली में बैठने दोद्य

### इश्क जो न कराएं थोड़ा हैं

सुना हैं कि अपने प्रदेश के एक बड़े शहर में एक कालेज के संचालक ने इश्क के चक्कर में अपनी बीबी को तलाक दे दिया, बीबी भी तलाक के लिए राजी हो गयी क्योकि उसने सोचा कि जब अपना आदमी दूसरी औरत के इश्क जाल में फंस ही गया हैं तो उसके साथ रहने का फायदा ही क्याद्य इश्क का मारा कालेज का संचालक बीबी को तलाक देने के बदले करींब दो करोड़ की सम्पति देने के लिए तैयार हो गया हैं इसमें नगद, सोना, चांदी, मकान सब कुछ शामिल हैं इसलिए कहा जाता हैं कि प्यार में आदमी अंधा और दीवानाहो जाता हैं कई बरस अपनी बीबी के साथ गुज़ारने के बाद कालेज संचालक को अपनी असिस्टेंट के प्यार का ऐसा बुखार चढ़ा कि वो करोडो रुपया देने तैयार हो गया इसलिए किसी गीतकार ने लिखा हैं प्यार दीवाना होता हैं मस्ताना होता हैं हर खुशी और हर गम से बेगाना होता है यानि इतना माल जाने के बाद होने भी होने वाले गम से वो अनजान हैद्य प्यार पर तो सैकड़ों गीत भी बने हैं कोई तो इश्क़ के चक्कर में मरने भी तैयार हैं और कह रहा है मैं तेरे इश्क में मर न जाऊं कंही, तू मुझे आजमाने की कोशिश न कर तो किसी ने लिखा है प्यार करने वाले कभी डरते नहीं जो डरते हैं वो प्यार करते नहीं दूसरी बात इश्क की कोई उम्र तो होती नहीं अब उन्हीं को देख लो, बीस साल का बेटा हैं यानि उम्र अभी पचास के आसपास तो होगी फिर भी इश्क हो गया और वो भी अपने से कई बरस छोटी से लेकिन प्यार तो प्यार हैं इसलिए किसी शायर ने लिखा हैं अगर तू वजह ना पूछे तो एक बात कहूँ तेरे बिना अब हमसे जिया नहीं जाता।

### सुपर हिट ऑफ़ द वीक

सुनो जी जब आपने पहली बार मेरा घूंघट उठाया था तो आपको कैसा लगा था श्रीमती जी ने श्रीमान जी से बेहद रोमांटिक अंदाज में पूछा माँ कसम मैं तो मर ही जाता अगर मुझे रामसे बदर्स की हॉरर फ़िल्में देखने की आदत न होती श्रीमान जी का उत्तर था

## शरीर तो मंदिर है

आस्तिकता और कर्त्तव्यपरायणता की सद्वृत्ति का प्रभाव सबसे पहले सबसे समीपवर्ती स्वजन पर पड़ना चाहिए। हमारा सबसे निकटवर्ती सम्बन्धी हमारा शरीर हैं। उसके साथ सद्व्यवहार करना, उसे स्वस्थ और सुरक्षित रखना अत्यावश्यक है। शरीर को नर कहकर उसकी उपेक्षा करना अथवा उसे सजाने-संवारने में सारी शक्ति खर्च कर देना, दोनों ही ढंग अकल्याणकारी हैं। शरीर हमारा सदा सहायक सेवक है। वह चौबीसों घंटे सोते-जागते हमारे लिए काम करता रहता है। वह अपनी सामर्थ्य भर आज्ञा पालन के लिए तत्पर रहता है। उसकी पांच ज्ञानेन्द्रियां न केवल ज्ञान वृद्धि का दायित्व उठाती हैं, वरन अपने-अपने ढंग से अनेक रसास्वादन भी कराती रहती हैं। इन विशेषताओं के कारण आत्मा उसकी सेवा-साधना पर मुग्ध हो जाती है और अपना सुख ही नहीं, अस्तित्व तक भूल उसी में रम जाती है। यह घनिष्ठता इतनी सघन हो जाती है कि व्यक्ति आत्मा की सत्ता और आवश्यकता तक भूल जाता है और शरीर को अपना ही आपा मानने लगता है। ऐसे वफादार सेवक को समर्थ, निरोग एवं दीर्घजीवी बनाए रखना प्रत्येक विचारशील का कर्त्तव्य है। चाहते तो सभी ऐसा ही हैं, पर जो रहन-सहन, आहार-विहार अपनाते हैं, वह विधा ऐसी उल्टी पड़ जाती है कि उसके कारण अपने प्रिय पात्र को अपार हानि उठानी पड़ती है और रोता-कलपता, दुर्बलता से ग्रसित होकर व्यक्ति असमय दम तोड़ देता है। स्वस्थ-समर्थ रहना कठिन नहीं है। प्रकृति के संकेतों का अनुसरण करने भर से यह प्रयोजन सिद्ध हो सकता है। प्रकृति के संदेश-संकेतों को जब सृष्टि के सभी जीवधारी मोटी बुद्धि होने पर भी समझ लेते हैं तो कोई कारण नहीं कि मनुष्य जैसा बुद्धिजीवी उन्हें न अपना सके।

## चरम पर तनाव

**सिद्धार्थ शंकर**

रूस से चल रहे गतिरोध के बीच यूक्रेन की सेना ने दावा किया है कि शनिवार को पूर्वी यूक्रेन में रूस समर्थक अलगाववादियों की गोलाबारी में दो सैनिक मारे गए और जबकि चार घायल हो गए। यूक्रेनी सेना ने अपने फेसबुक पेज पर कहा कि उसने दिन की शुरुआत से अलगाववादियों द्वारा 70 संघर्ष विराम उल्लंघन दर्ज किए हैं। मालूम हो कि इससे पहले शनिवार को पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादी नेताओं ने युद्धग्रस्त क्षेत्र में हिंसा और पश्चिम में इस आशंका के बीच शनिवार को पूर्ण सैन्य लामबंदी का आदेश दिया कि रूस इस संघर्ष का इस्तेमाल हमले के बहाने के रूप में कर सकता है। यूक्रेन-रूस के बीच चल रहे तनाव और रूस द्वारा यूक्रेन पर हमला किए जाने की आशंका के बीच रूस ने यूक्रेन की सीमा के पास परमाणु बल सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया। राष्ट्रपति पुतिन ने इस अभ्यास की शुरुआत की और बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको के साथ मिलकर नियंत्रण केंद्र में बैलिस्टिक मिसाइलों के परीक्षण प्रक्षेपण को भी परखा। रूस के इस सामरिक युद्धाभ्यास से पश्चिमी देशों की चिंताएं बढ़ गई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का मानना है कि रूस हमले का निर्णय ले चुका है और वो परमाणु हमले के विकल्प पर भी विचार कर रहा है। यूक्रेन की सीमाओं पर रूस की सेना की तैनाती के चलते लगातार पूर्वी यूरोप में तनाव की स्थिति बनी हुई है। रूस ने अपने सवा लाख सैनिकों की तैनाती को लेकर कहा है कि उसने अब उन्हें वापस बुलाना शुरू कर दिया है, लेकिन अमेरिका और नाटो देश इस बात पर भरोसा नहीं जता रहे हैं। ऐसे में यूक्रेन में लगातार तनाव की स्थिति बनी हुई है। रूस के बाद क्षेत्रफल की दृष्टि से यूक्रेन यूरोप का दूसरा सबसे बड़ा देश है



और उसका किसी भी पाले में जाना उस पक्ष को मजबूत करेगा। ऐसे में यूक्रेन बेहद अहम है और आने वाले दिनों में वैश्विक राजनीति के परिदृश्य को बदलने की क्षमता रखता है। खासतौर पर रूस के लिए यूक्रेन बेहद अहम हो गया है। रूस आने वाले दिनों में महाशक्ति बनेगा या फिर महज एक देश ही रह जाएगा। इसका फैसला यूक्रेन विवाद करने की ताकत रखता है। सोवियत संघ का हिस्सा रहे लिथुआनिया, लाटविया समेत रूस के कई पड़ोसी देशों को अमेरिका ने नाटो में शामिल कर लिया है। इसे रूस की घेरेबंदी के तौर पर देखा जाता है। इन देशों में पोलैंड, नॉर्वे, एस्टोनिया भी शामिल हैं। अब अमेरिका की नजर यूक्रेन को नाटो में शामिल करने पर है। इसी पर रूस को आपत्ति है और वह किसी भी तरह के युद्ध को टालने के लिए अमेरिका से यह गारंटी चाहता है कि वह यूक्रेन को नाटो में शामिल न करे। पिछले दिनों व्लादिमीर पुतिन ने सोवियत संघ के विघटन को दुखद करार दिया था। उनकी महत्वाकांक्षा यूक्रेन को रूस में शामिल करने की है। यदि ऐसा होता है तो रूस एक महाशक्ति के तौर पर उभरेगा, जो शीत युद्ध से पहले हुआ करता था। यदि यूक्रेन नाटो में जाता है तो फिर रूस के लिए बड़ा झटका होगा। यूक्रेन को दो हिस्सों पश्चिम और पूर्व में बांटकर देखा जाता रहा है। इसमें पूर्वी यूक्रेन पर रूस का बड़ा प्रभाव है और उसकी भाषा को समझने वाले लोगों की बड़ी संख्या है। यहां रूसी मूल के लोग अकसर यूक्रेन के खिलाफ विद्रोह करते रहे हैं। यही वजह है कि एक तरफ रूस की सेना यूक्रेन की सीमा पर डटी हैं तो वहीं अंदर से भी वह मजबूत है। ऐसे में यूक्रेन को रूस से अलग कर पाना पश्चिमी देशों के लिए आसान नहीं होगा। इसके अलावा यूक्रेन की आर्थिक स्थिति भी कमजोर है, जिसे रूस और कमजोर करने की कोशिश में जुटा है। अमेरिका ने पिछले दिनों इस मसले को लेकर चीन पर भी निशाना साधा था। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन हाल ही में चीन के दौरे पर भी गए थे। दरअसल दोनों देशों के बीच बीते कई सालों में संबंध काफी मजबूत हुए हैं और कारोबार भी तेजी से बढ़े हैं। रूस अपने सामान का बड़ी मात्रा में यूरोपीय देशों को निर्यात करता है। यदि युद्ध होने की स्थिति में यूरोपीय देश उस पर बैन लगाते हैं तो फिर चीन के साथ वह कारोबार को बढ़ाकर इसकी भरपाई कर सकता है। यही वजह है कि चीन लगातार रूस के पाले में खड़ा नजर आ रहा है। इसके अलावा अमेरिका से दोनों देशों के मतभेद भी साथ आने की एक बड़ी वजह हैं।

# आज का अहम् सवाल: क्या हमारी चुनाव प्रक्रिया दोष रहित है....?

### सूडोकु नवताल- 5990

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

**सूडोकु नवताल -5989 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**ओमप्रकाश मेहता**

हमारे देश को आजाद हुए पचहत्तर वर्ष हो चुके, इस दौरान हमारी संसद और विधानसभाओं के डेढ़ दर्जन से भी अधिक चुनाव हो चुके और विभिन्न राजनीतिक दलों की सरकारें अपने-अपने ÷जलवे÷ दिखाकर चली गई। किंतु अब जब हमारा प्रजातंत्र वयोवृद्ध हो चुका है, तब यह सवाल उठाया जा रहा है कि ÷क्या हमारी चुनाव प्रक्रिया दोष रहित है?÷ यही नहीं इतने वर्षों बाद हमारी सर्वोच्च न्यायालय ने सरकारी खर्च पर चुनावी वादे पूरे करने पर सवाल उठाया और उसके जवाब में हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ने अपनी पार्टी (भाजपा) को निर्देश दिया कि चुनाव प्रचार के दौरान वादे उतने ही किये जाए जो सरकार की आर्थिक स्थिति के अनुरूप हो, अर्थात् सुप्रीम कोर्ट के सवाल पर प्रधानमंत्री जी की यही प्रतिक्रिया थी। फिर सुप्रीम कोर्ट की इस चिंता का जवाब यह भी है कि आज तक किसी भी सत्तारूढ़ दल ने अपने चुनावी वादे अपने दल के खर्च पर पूरे किये है?

अब यह सवाल पैदा होना स्वाभाविक है कि क्या हमारे संविधान निर्माताओं से संविधान में चुनावी प्रावधानों पर विचार करते समय कोई चूक हो गई थी? क्या उन्होंने क्या संविधान निर्मात्री पीठ ने भी इस मसले पर विचार नहीं किया कि देश का प्रधानमंत्री व चुनावी राज्यों के मुख्यमंत्रीगण जो कि दल विशेष से सम्बंधित रहते है, वे चुनाव प्रचार के दौरान किसके खर्च पर चुनाव प्रचार अभियान चलाते है, आज देश के पांच राज्यों की विधानसभा चुनावों का दौर



चल रहा है और माननीय प्रधानमंत्री जी पिछले डेढ़ महीनें से अनवरत चुनावी यात्राएँ कर रहे है, तो उनकी इन यात्राओं का पूरा खर्च भारतीय जनता पार्टी वहन कर रही है? और यदि इसका जवाब ÷हाँ÷ है तो वह यह सार्वजनिक करे कि उसने पिछले 45 दिनों में प्रधानमंत्री के चुनाव प्रचार पर कितनी धनराशि खर्च की? यही स्थिति सम्बंधित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की है, सिर्फ चुनावी प्रचार में सरकारी वाहनों से परहेज कर लेने मात्र से कानून की पूर्ति थोड़े ही हो जाती है, उनकी यात्रा, सुरक्षा, कानून-व्यवस्था पर किया गया सरकारी खर्च भी सम्बंधित दलों के खातों में जाना चाहिये, क्या आज तक कभी ऐसा हुआ है? आज देश का बुद्धिजीवी इन्ही सवालों में उलझा हुआ है, उसकी सोच यही है कि आज यह जो कुछ भी हो रहा है, यह हमारे संविधान निर्माताओं की की दूरदृष्टि हीनता का परिणाम है फिर जब संविधान बना था तब तो इसके बनाने वाले फिर भी निष्पक्ष माने जो सकते थे, किंतु अब पचहत्तर साल बाद कुर्सी लोलुप राजनेताओं से चुनाव प्रक्रिया कानून में संशोधन की तो उम्मीद रखना ही व्यर्थ है। वास्तव में इस संदर्भ में स्पष्ट कानून यह होना चाहिये था कि देश में लोकसभा चुनावों के समय तथा राज्यों में विधानसभा चुनावों के समय राष्ट्रपति शासन लागू होना चाहिये, इससे जहां सत्तारूढ़ प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री निष्पक्ष चुनावी कानून लागू की प्रक्रिया में आ जाते, वहीं देश तथा राज्यों में चुनावों के दौरान सत्तारूढ़ दल व उसके नेताओं का रूतबा काम नहीं कर पाता और चुनावों की निष्पक्षता का सेहरा संविधान के सिर पर होता, किंतु आज के चुनाव और उनकी कथित निष्पक्षता को लेकर सुप्रीम कोर्ट तक ने जो चिंता व्यक्त की है, वह जायज प्रतीत होती है। ....और फिर इन चिंताओं को लेकर आज का गंभीर सवाल यह भी है कि आज के राजनेता यह सब पसंद करेंगें? यद्यपि चुनाव के समय देश व राज्यों में राष्ट्रपति शासन के मुद्दें पर भी यह सवाल खड़ा किया जा सकता है कि क्या राष्ट्रपति व राज्यों के राज्यपालों का राजनीति से कभी कोई सम्बंध नहीं रहा, जिससे कि वे निरपेक्ष भाव से राजनीति से परे रहकर चुनाव प्रक्रिया संचालित करेगें? यह चिंता भी सही है, किंतु चूंकि राष्ट्रपति व राज्यपाल स्वयं चुनाव प्रचार नहीं करते और शपथ के इस सूत्र का कड़ाई से पालन करते है, इसलिए उन पर इस बारे में विश्वास किया जा सकता है, किंतु मैं सवाल उठाते स्वयं यह चिंतन भी कर रहा हूँ कि मेरे इस सवाल उठाये जाने का मतलब ही क्या है,।

## कांग्रेसी नेताओं के अलगाववादी बयान और नागरिक चिंताएं

**डॉ विश्वास चौहान**

भारत के किसी राज्य के स्थाई निवासी के नाते अपमान क्या है? आज यूपी या बिहार के किसी भी स्थाई निवासी से पूछ लो ,जो एक राष्ट्रीय पार्टी ÷कांग्रेस÷ के स्वयम्भू नेताओ के यूपी या बिहारियों के लिए अपमानजनक अलगाववादी बयान दे रहे हैं।

कांग्रेसी शीर्ष नेताओं के बयानों से अपमानित अवमानित यूपी और बिहार के लोगों से कोई पूछे तो वे अपने प्रति कांग्रेसी नेताओं का अनमनापन, प्रयोजनशून्यता, दिशाहीनता, रिक्तता अलगाववाद एवम अपमान को अच्छे से समझ चुके आक्रोशित ही मिलेंगे ।इन बयानों से क्षुब्ध यूपी बिहारी बन्धु बहिने मौजूदा समय में कांग्रेसी राजनीति में अपने आप को पूरी तरह से अप्रासंगिक और तिथिबाह्य पा रहे हैं । आज कांग्रेस के पँजाब के मुख्यमंत्री श्री चन्नी का चुनावी मंच से दिया गया, यह बयान की यूपी बिहार के भय्यों का पँजाब में क्या काम ? और लड़की हूं लड़ सकती हूं नारे की प्रणेता प्रियंका वाड्रा द्वारा तालियां बजा बजा कर चन्नी के बयान पर प्रसन्नता और समर्थन से यूपी बिहार मूल के लोग दुखी और आक्रोशित हैं । मोदी विरोधी कांग्रेस के सहयोगी विपक्ष की चुप्पी से विभिन्न राज्यो में रह रहे यूपी बिहारी मूल के लोगो मे इन राज्यों में अपने रोजगार के अस्तित्व का संकट घर कर गया है, वे ऐसी मनोदशा में हैं मानो जैसा किसी परग्रही को अन्य ग्रह पर लगता होगा।

विगत दिनों संसद में कांग्रेसी नेता राहुल गांधी का यह बयान कि ÷भारत राष्ट्र नही है÷ से पीड़ित देशभक्त नागरिकों को प्रधानमंत्री मोदी जी के उक्त विषय मे प्रत्युत्तर से सांत्वना अवश्य मिली है, जिसमे उन्होंने राष्ट्रत्व के उस साझे तत्व को परख कर उसमे राहुल के वक्तव्य से उपजी नागरिकों की पीड़ा की सुन्दरता और शोक की अस्मिता को उदाहरणों सहित एक एकात्मक अखण्ड अटूट राष्ट्रत्व लय में रखा था । बीते लोकसभा चुनाव के समय भी केरल के वायनाड में यूपी बिहार के लोगों को राहुल गांधी ने गंवार कहा था , जिसे आज भी किसी दिन सोशल मीडिया पर अपलोड किसी वीडियो में सुनने के बाद यूपी बिहार के लोगो के भीतर एक स्तब्ध सूनापन गूँजने लगता है, आज भी कांग्रेस शासित राज्यो में यूपी बिहार के लोग इन बयानों के मद्दे नजर अपने आप को सुरक्षित नही पाते तथा असुरक्षित भविष्य से शंकित होकर कुछ नया उद्यम या रोजगार भी आरम्भ नहीं कर सकते,। मेरी राजस्थान ,पँजाब ,छतीसगढ़ ,महाराष्ट्र में रह रहे कुछ लोगो से इस विषय पर चर्चा हुई बकौल उनके वे कांग्रेसी शासन में एक अधूरेपन ,अलगाववादी भयग्रस्तता के अंतर्भाव से ग्रसित थे।

# गोवंश को बचाने आए मिर्ची बाबा व उनके चेलों पर प्राणघातक हमला



### हमले में तीन युवक घायल, बाबा को बेरहमी से पीटा, बाबा ने कहा मरते दम तक गोवंश की लड़ाई लडूंगा

**मुरैना।** सोमवार की दोपहर हाईवे से देवरी गौशाला पर जा रहे विख्यात संत मिर्ची बाबा एवं उनके साथियों पर कुछ बदमाशों ने पिस्टल व लाठियों से हमला बोल दिया और मारपीट कर डाली। इस हमले में बाबा के तीन सहयोगी घायल हुए हैं। मिर्ची बाबा ने कहा कि इस देश में गोवंश की आवाज उठाना गलत है तो वह मरते दम तक गोवंश को बचाने के लिए लड़ाई लड़ते रहेंगे। सोमवार की दोपहर मिर्ची बाबा अपने काफिले के साथ बैरियर स्थित ब्रिज से देवरी गौशाला जा रहे थे, जैसे ही वह ब्रिज से नीचे उतरे तो एक दर्जन की संख्या में गाड़ियों से आए हमलावरों ने सरेराह बाबा को रोककर उनकी मारपीट कर डाली तथा बचाने आए उनके सहयोगियों पर भी प्राणघातक हमला बोल दिया। बाबा ने बताया कि बदमाशों ने पेट्रोल छिड़ककर उनकी गाड़ी को आग लगाना चाही, लेकिन भीड़ एकत्रित हो जाने के कारण वह अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाए। मिर्ची बाबा ने बताया कि वह प्रदेश भर में सड़कों पर मर रहे गोवंश को बचाने के लिए लगातार राज्य सरकार के खिलाफ अभियान चला रहे हैं, लेकिन कुंभकरण नींद में सोई सरकार नहीं जाग रही। उन्होंने कहा कि इस देश में गोवंश की रक्षा करना और उन्हें उनका हक दिलाना अपराध है, तो वह मरते दम तक गोवंश की लड़ाई लड़ते रहेंगे। इस दौरान बाबा ने मीडिया से चर्चा की और चर्चा करते समय वह फूट-फूट कर रोने लगे। बदमाशों द्वारा किए गए प्राणघातक हमले में बाबा के कर्मचारी राहुल, गोपाल एवं सचिन घायल हो गए हैं तथा एक युवक की आंख पर भी प्रहार किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया, लेकिन तब तक हमलावर मौके से फरार हो गए।

**पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी उठे सवाल:** विख्यात संत मिर्ची बाबा आए दिन सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले जाने तथा गोवंश को बचाने के लिए चलाई जा रही मुहिम के चलते उनके तमाम विरोधी पैदा हो गए हैं और सबसे बड़ी बात यह है कि मिर्ची बाबा पूरे प्रदेश में जाने पहचाने जाते हैं। इसके बावजूद स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हें कोई सुरक्षा ना दिया जाना, पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा करता है। बताया जाता है कि मिर्ची बाबा हाईवे पर गोवंश की रक्षा के लिए चक्का जाम करने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही उन पर प्राणघातक हमला कर दिया गया।

## विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर आचार्य आनंद टीम ने दिलाई समानता-समरसता की शपथ

### -किसी के चेहरे पर बेबसी मजबूरी ना हो, इंसान-इंसान के बीच किसी तरह की दूरी न हो



**अम्बाह।** मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान की पहल पर आचार्य आनंद टीम द्वारा विश्व सामाजिक न्याय दिवस के उपलक्ष में जन जागरूकता कार्यक्रम गांव भरतपुरा में हुआ। जहां शपथ संयोजक अरविंद मावई, समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य और आनंद विभाग के जिला संपर्क समन्वयक बालकृष्ण शर्मा एवं कार्यक्रम प्रभारी दुष्यंत सिंह तोमर ने सभी तरह के भेदभाव भूलकर, सामाजिक समानता और समरसता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सामाजिक न्याय व्यवस्था को समझाते हुए मुख्य वक्ता डॉ सुधीर आचार्य ने कहा कि किसी के चेहरे पर बेबसी मजबूरी ना हो, इंसान और इंसान के बीच में किसी तरह की दूरी न हो, अपनी अपनी खुशी पूरी करने के चक्कर में अपने किसी की खुशी अधूरी ना हो। उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक सामाजिक प्राणी को अपने बराबर का समझना उनका सम्मान और आदर करना सामाजिक न्याय की ओर अग्रसर करता है।



## वैज्ञानिक संत निर्भय सागर का आज होगा मुरैना प्रवेश

**मुरैना।** वैज्ञानिक संत आचार्य श्री निभयसागर जी महाराज ससंघ का आज 22 फरवरी मंगलवार को मुरैना शहर में मंगल प्रवेश होगा। सोमवार को आचार्य श्री ने संघ सहित बानमोर में आहार हुआ। आहार के उपरांत आचार्य श्री ने उपदेश देते हुए जैन मंदिर में कहा कि रोड पर मकान हो, दुकान हो, खेत खलिहान हो तो कीमत बढ़ जाती है और रोड पर इन्सान हो तो कीमत घट जाती है। अच्छे विचार राजा और बुरे विचार रंक बनाते हैं, निर्णय लेने के पहले विचार मंथन करो निर्णय के बाद पुरुषार्थ करो तभी सफलता मिलेगी, विवाद से बचना हो तो खुद से बात करों दूसरों से नहीं । आत्मानुशासन ही जिन शासन है अपनी सफाई देने से नहीं अपनी सफाई करने से आत्मा की भलाई होती है। दूसरों की बुराई करने से बुराई मिलेगी लेकिन दूसरों की बुराई दूर करने से भलाई मिलेगी। आचार्य श्री ने कहा कि दूसरों को बदलने वाले महान बनते है खुद को बदलने वाले भगवान बनते हैं। ज्ञान से मन की तृप्ती होती है भोगों से नहीं, मन संतुष्ट हो जाने पर आनंद की अनुभूति होती है। मन संतुष्ट हो जाने पर आनंद की अनुभूति होती है। मन की इक्छा पूरी ना होने परऔर वचन के इनकार मिलने पर आदमी दुखी और परेशान होता है। जिनसे बात करने पर खुशी दुगनी और मिल जाने पर खुशी चौगुनी हो जाती है, वे अपने है। जो बुरे वक्त पर काम आते है और अच्छे वक्त पर तालियाँ बजाते है, वे अपने होते हैं। पैसा आदमी में गर्मी लाता है और संबंधों को जला देता है। पैसा आदमी में अकड लाता है, इसीलिए झुकने नहीं देता है। सत्य बोलने के लिए दिमाग नहीं लगाना पड़ता है।

# ब्लॉक कांग्रेस पश्चिम ने ग्राम निवी मे चलाया घर-चलो, घर-घर चलो अभियान




**मुरैना।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के आह्वान पर शहर जिला कांग्रेस के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस पश्चिम ने ग्राम निवी के लोहरे का पुरा, पटेल का पुरा एवं पंचा का पुरा में घर-चलो, घर-घर चलो अभियान चलाया। इस अभियान के चलते वार्ड की जनता को प्रदेश व देश की गूंगी-बहरी भाजपा सरकार की जनविरोधी नीति के बारे मे बताकर, महंगाई व बेरोजगारी का बढ़ना, पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस के दाम का आसमान छूना एवं बिजली के उल्टे-सीधे बिल आदि मुद्दों को वार्ड की जनता के सामने उजागर किया एवं वार्ड की जनता को भाजपा सरकार की करनी और कथनी के बारे में बताया। प्रत्येक बूथ पर कई लोगों को कांग्रेस की सदस्यता भी दिलवाई। इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष दीपक शर्मा, ग्रामीण जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र सोलंकी, ब्लॉक कांग्रेस पश्चिम के प्रभारी राजकुमार कुशवाह, शहर जिला कांग्रेस महामंत्री मनोज गुर्जा, कार्यालय मंत्री शहर जिला कांग्रेस रामू टुंडेलकर, सोनू जोनवार, सतीश यादव, छविराम कुशवाह, मंडल अध्यक्ष मलखान सोलंकी, मंडल अध्यक्ष विष्णु कुशवाह, अरविंद कुशवाह, विवेक भारती, दुर्गेश रोजे, आकाश रावत एवं पश्चिम ब्लॉक के सभी मंडल एवं सेक्टर के अध्यक्षगण कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता एवं वार्ड के सभी निवासी मौजूद रहे।

## जनकल्याण की भावना के लिए किया गया 64 रिद्धि-सिद्धि विधान



**अम्बाह।** दिगंबर जैन मंदिर परेड चौराहा में चल रहे धार्मिक आयोजन के दौरान नित्य नियम पूजन, अभिषेक के साथ-साथ रविवार को चौसठ रिद्धि-सिद्धि विधान भी संपन्न हुआ, जिसमें 64 इंद्र-इंद्राणी ने विधि-विधान से पूजन किया। कार्यक्रम में बडी संख्या में जैन मतावलंबी मौजूद रहे। इस मौके पर आर्षमती माताजी ने कहा कि कर्म ही सबसे बडी पूजा है। स्वच्छ मन, ईमानदारी के साथ समय से किया गया कार्य हमेशा फलदायी होता है, इसलिए फल की चिंता किए बिना सभी को सत्कर्म करना चाहिए। माता जी ने कहा कि यह संसार क्षण-भंगुर है भगवान संभवनाथ ने बाल्यकाल, युवावस्था और संसारिक भोगों का स्वाद लिया, लेकिन एक दिन हवा के झोंके से मेघों को गगन में विलीन होता देख उन्हें जीवन के समस्त भोगों की क्षण-भंगुरता का अनुभव हुआ और संसार से वैराग्य हो गया। इस दौरान साध्वी आर्षमती ने जैन धर्म की महत्ता का वर्णन किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भगवान पारसनाथ की महा आरती की और विश्व शांति के णमोकार महामंत्र का जाप किया।




## ब्लॉक कांग्रेस ने भाजपा सरकार की नाकामियों को किया उजागर



**जौरा।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देश पर प्रदेश भर में चलाए जा रहे घर चलो, घर-घर चलो अभियान के अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा पुराना जौरा में अभियान चलाते हुए भाजपा सरकार की नाकामियों को उजागर किया गया एवं कांग्रेस की जनकल्याणकारी नीतियों से भी आमजनों को अवगत कराया गया। रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुराना जौरा क्षेत्र में चलाए गए घर चलो, घर-घर चलो अभियान के अंतर्गत आमजनों को कांग्रेस की जनकल्याणकारी नीतियों, कमलनाथ सरकार के डेढ़ वर्ष के विकास कार्यों से भी अवगत कराया गया, वहीं भाजपा की जन विरोधी नीतियों, हिटलरशाही, भारी भ्रष्टाचार, गांव, कस्बों व शहरों में लूट, डकैती, चोरियों की वारदातों पर अंकुश नहीं होने जैसी अन्य अव्यवस्थाओं से जन-जन को अवगत कराते हुए आगामी दिनों में कांग्रेस पार्टी को समर्थन देने की भी बात कही। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश यादव, मदन मोहन भारद्वाज, सुनील शर्मा, ओमप्रकाश सकलेचा, शहाबुद्दीन उस्मानी, रोहित अन्ना शर्मा, मुरारीलाल, अमर संजू शर्मा, बनवारी फौजी, सुरेश रावत, परवेज कुरेशी, सोनेराम व्यास, अजीत राणा, नत्थीलाल शर्मा, अजीत वर्मा, अनिल कुशवाह, रमेश जाटव, महेश प्रजापति, सोनू गौड़, नवीन, अनिल सक्सेना, अभिषेक जैन अप्पू, कमलेश श्रीवास सहित आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## समावेशित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को कृत्रिम उपकरण वितरण शिविर आयोजित



**मुरैना।** जनपद शिक्षा केंद्र मुरैना में समावेशित शिक्षा के अंतर्गत सीडब्ल्यूएसएन दिव्यांग बच्चों को कृत्रिम उपकरण वितरण शिविर आयोजित किया गया। जनपद शिक्षा केंद्र मुरैना में पूर्व दिवस में चिन्हित दिव्यांग छात्र-छात्राओं को उनकी आवश्यकता के अनुसार उपकरण वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 90 दिव्यांग बच्चे एवं समस्त अभिभावक गण जनपद शिक्षा केंद्र कार्यालय मैं उपस्थित हुए। जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष शर्मा द्वारा एवं खंड स्त्रोत समन्वयक शिवराज शर्मा द्वारा मां सरस्वती को माल्यार्पण करके कार्यक्रम का आरम्भ किया गया। इसके बाद जबलपुर की एलमिको टीम के द्वारा उपकरणों के रखरखाव एवं उपयोगिता के बारे में बच्चों एवं अभिभावक गणों को बताया गया तथा जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा उन बच्चों को माल्यार्पण एवं उत्साह वर्धन करते हुए उपकरण वितरित किए एवं उन्हें शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम मैं एमआरसी शिखा असाटी एवं देवेंद्र शर्मा के नेतृत्व में शिविर संचालित हुआ। एमआरसी एवं अलमिको टीम के द्वारा 20 श्रवण बाधित बच्चों को कान की मशीन 13 अस्थि बाधित बच्चो को कैलीपर एवं 7 बच्चो को ट्राईसाईकिल और दृष्टिबाधित बच्चों को ब्रेल किट एवं ब्रैल स्लेट मंदबुद्धि बच्चों को एमएसआइडी किट एवं सेरीब्रल पॉलिसी बच्चों की व्हीलचेयर एवं आवश्यकता अनुसार बच्चों को कैलीपर रोलेटर उपकरण एवं जूते प्रदान किए गए। शिविर के अंत में खंड स्त्रोत समन्वयक शिवराज शर्मा द्वारा सभी दिव्यांग बच्चों को विद्यालय में इन उपकरणों के साथ विद्यालय में प्रतिदिन जाने के लिए प्रेरित किया गया और साथ ही शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया गया जिससे सभी दिव्यांग बच्चे समाज में आगे बढ़े। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भी आलोकेंद्र सिंह तोमर, मुकुट बिहारी कुलश्रेष्ठ, उमेश गोले, हरवेंद्र सिंह तोमर, वीरेश उच्चारिया एवं समस्त बीएसी, सीएसी आदि के द्वारा शिविर में सहयोग प्रदान किया गया एवं कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

# उत्तर प्रदेश में रामराज्य स्थापित होगा और भाजपा की सरकार बनेगी- विभा अवस्थी




उत्तरप्रदेश मिर्जापुर नगर विधानसभा की प्रभारी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेत्री भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री श्रीमती विभा अवस्थी जी ने बताया उत्तरप्रदेश में भाजपा की पुनः सरकार बनेगी उन्होंने बताया कि भाजपा महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ के द्वारा उत्तरप्रदेश काशी क्षेत्र विधानसभा में अलग-अलग स्थानों पर जो जिम्मेदारी प्रदान की गई है सभी पूरी मेहनत और लगन से कार्य कर रहे हैं और आप सभी के साथ और सहयोग से और केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी इन सभी दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी निष्ठा से सभी भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता द्वारा किया जा रहा है उत्तर प्रदेश के प्रमुख क्षेत्रों में चुनाव की जिम्मेदारी प्रदान की गई। श्रीमती विभा अवस्थी जी को मां विंध्यवासिनी की नगरी मिर्ज़ापुर नगर हृदय स्थल में प्रमुख जिम्मेदारी सौंपी गई है जिसमें शहरी क्षेत्र में सभी वार्डों में और ग्रामीण क्षेत्रों के सभी गांव गांव में घूमकर का भ्रमण करके लोगों से विचार-विमर्श करके एवं महिलाओ एवं पुरष कार्यकर्ता के साथ बैठक के माध्यम से उन्हें भारतीय जनता पार्टी के नीति के विचारों से अवगत करा कर उन्हें भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। भाजपा की केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश में राज्य सरकार के द्वारा किए गए कार्यों को जनता को अवगत करते हुए विकास के नए आयाम स्थापित हुए और उन्हें महिलाओं को एकत्रित कर पुरूषों को एकत्रित कर उनके द्वारा उनकी भाषाओं के माध्यम से प्रत्यक्ष दर्शन करके विकास कार्यों के आधार पर भाजपा के प्रति अपना समर्थन दें इस हेतु प्रेरित किया जा रहा है उत्तरप्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी छत्तीसगढ़ भाजपा महिला मोर्चा की विभा




अवस्थी ने आपने बताएं कि भाजपा के विकास कार्य की योजना, विकास कार्यों के आधार पर भाजपा को अपना समर्थन दिलाने में भाजपा के प्रति मतदान करने के लिए लोगों से आग्रह किया जा रहा है भाजपा के लोक कल्याणकारी घोषणा पत्र के माध्यम से युवा वर्ग के लिए ,महिलाओं की सुरक्षा के लिए, प्रदेश के उत्कृष्ट प्रदेश के निर्माण कार्य के लिए, शिक्षा, स्वास्थ, रोजगार योजना बनाई गई है उस को दृष्टिगत रखते हुए पुनः प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी यह दावा किया एवं साथ ही लोक कल्याणकारी योजनाओं में शिक्षा जगत में शिक्षा के नए आयाम स्थापित करने, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महिलाओं के उत्थान के लिए महिलाओं की सुरक्षा के लिए जो कार्य योगी सरकार के द्वारा किए गए, उन्हें दृष्टिगत रखते हुए एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं को उन्हें सरकार के आने पर घोषणा पत्र में शामिल किया गया है भाजपा सरकार के द्वारा उत्तरप्रदेश में अराजकता अत्याचारा गुंडाराज खत्म करके नई व्यवस्था लागू की गई इसमें ऐसे लोगों का कोई स्थान नहीं है जो समाज में बुराई अराजकता फैलाकर डर बताकर राज करते हैं केंद्रीय नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी भाजपा कार्यकर्ताओं को सौंपी है विभा अवस्थी प्रदेश महामंत्री भाजपा महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ को जो जिम्मेदारी दी गई है उसे बखूबी निर्वहन कर ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर पुरुष एवं महिलाओं कार्यकर्ता को कार्यो से अवगत करा कर, उन्हें प्रदेश में भाजपा की सरकार स्थापित करने के लिए आग्रह किया साथी आपके द्वारा दावा किया गया प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी और पुनःखुशहाल प्रदेश स्थापना होगी अपना रामराज्य स्थापित होगा।

## रंगदारी ना देना पड़ा महंगा पीड़ित ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर की शिकायत

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़ अजय खंगार**

**टीकमगढ़।** सोमवार को मारपीट के मामले में पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुच कर पुलिस अधीक्षक को दिया ज्ञापन। जनकारी के अनुसार प्रार्थी मोहम्मद साबिर जनाव अब्दुल रफीक खान उम्र 22



वर्ष निवासी इंद्रा कॉलोनी टीकमगढ़ है। बताया गया है कि 18 फरवरी रात के लगभग 9 बजे कि घटना है फरयादी ईदगाह मार्केट के सामने अण्डा विस्वानी का ठेला लगता है। जिससे यह अपने परिवार का भरण पोषण करता है। चूंकि पिता का स्वर्गवास होने के वजह से पूरे परिवार का भार उसके ऊपर आ गया है। 18 फरवरी में रात के लगभग 9 बजे आरोपी भक्ति सिंह तनय सरदार सिंह , भक्ति सिंह का बड़ा भाई आरक्षक शक्ति सिद्धरामय सरदार सिंह , छोटू ( भक्ति सिंह के मामा का लड़का) इन तीनों लोगों ने मेरे से पहले अण्डे और बिरयानी खाई और दारू के लिये मुझ से पैसे मांगने लगे मेरे मना करने पर मारपीट की और तेल और मेरी ऊपर की जैब में रखे पैसे और दुकान की सारी बिक्री ले गये और साथ में धमकी भी दे गये है। अगर तुमने हमारी शिकायत कहीं पर भी तो इसका परिणाम बुरे होगे और हम तुम्हे रोज मारेगे मेरा भाई आरक्षक और पिता एएसआई पुलिस अधीक्षक कार्यालय में है मक्ति सिंह के भाई का शक्ति सिंह आरक्षक पद पर पदस्था छतरपुर में है उसने कहा कि अगर मेरे भाई को रोज पैसे नहीं दिये तो तुम्हे यहां ठेला नहीं लगाने देंगे और साथ ही में किसी केश फसाकर अंदर डाल देगें अभी तुमने पुलिस की पॉवर नाही देखी है। तुम लोगों को मुहल्ले की गलियों से पकड़ कर मारेगे मेरा और मेरे भाई का कोई जावक आपराधिक प्रकरण दर्ज करने 2172-22 कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। इन लोगों के मारपीट करता देख मार्केट के लोग आ गये, और भी ये लोग भाग गये और अपनी स्कूटी घटना स्थान पर छोड़ कर भाग गये जिसको लोगों ने और मेरे द्वारा स्टूटी क्रमांक एमपी16एमई 0630 जिस पर पुलिस लिखा है। कोतवाली में जब्त करा दी गई हैं। निवेदन किया है की इन लोगों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की कृपा करें साथ ही प्रार्थी के साथ न्याय करने गुहार लगाई है।

## शिवपुरी कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने ग्रामीण अंचल में किया दौरा और लोगों की सुनी समस्याएं

**राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर, 9691338626**

**पिछोर,** आज शिवपुरी कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह एवं एसपी राजेश सिंह चंदेल ने ग्रामीण अंचल में किया दौरा जिसमें लोगों की समस्याओं को विस्तार पूर्वक सुना और लोगों की समस्याओं का निदान किया श्री अक्षय ने कई ग्रामों में जाकर लोगों की समस्याओं को सुना साथी ही आज नगर पिछोर में केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिय का आगमन पिछोर नगर में होने जा रहा है जिसके चलते आज शिवपुरी कलेक्टर अक्षय सिंह ने हवाई पेड का भी जायजा लिया साथ ही लोगों की समस्याओं को सुना जिसमें ग्रामीण अंचल से लेकर नगर इत्यादि की समस्याओं को सुना आज श्री सिंह ग्राम बदरवास पहुंचे जहां पर कई ऐसे अधूरे कार्य पड़े हुए थे उनको तुरंत करवाने का लोगों के लिए आश्वासन दिया शिवपुरी कलेक्टर अक्षरा कुमार सिंह का दौरा आज कई ग्रामों में चला जिसमें और भी सभी अधिकारीगण मुख्य



रूप से उपस्थित रहे शिवपुरी कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह शिवपुरी एसपी राजेश सिंह चंदेल एवं पिछोर एसडीएम जेपी गुप्ता एवं अन्य सभी पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे और साथ ही ग्राम बदरवास में सरपंच से लेकर सभी लोग उपस्थित रहे जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया सुधार समिति विजय पांडे सरपंच मुख्य रूप से उपस्थित रहे

## दतिया जिगना थाना पुलिस ने अवैध 12 बोर अधिया व जिंदा राउंड सहित युवक को किया गिरफ्तार, जिगना पुलिस की कार्यवाही पिछले कुछ दिनों में दर्जनों हथियारधरियो को गिरफ्तार कर चुके है थाना प्रभारी भास्कर शर्मा



**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

**दतिया।**जिगना थाना पुलिस ने अवैध 12 बोर अधिया व जिंदा राउंड सहित युवक को किया गिरफ्तार, दतिया पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल सिंह मौर्य व एसडीओपी दीपक नायक के मार्गदर्शन में जिगना थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने पुलिस बल के साथ मुखबिर की सूचना पर रामकिशन पल पुत्र डब्बू पाल उम्र 33 साल नि.ग्राम रॉव सुकैटा थाना धीरपुर दतिया का डांगकरैरा तिराहा से मय 12 वोर की अधिया व जिंदा राउंड के गिरफ्तार किया। वही जिगना थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने बताया कि आरोपी रामकिशन पाल पुत्र डब्बू पाल निवासी राव सुकैटा डांग करेरा तिराहे पर किसी वारदात की नियत से घूम रहा था आरोपी अवैध अधिया व जिंदा राउंड सहित आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी जिगना भास्कर शर्मा , सहायक उप निरीक्षक हरिमोहन यादव , आर. राजीव दुबे, आर. दीपेश अमर, आर. हेमराज शिवहरे , आर. देवेश शर्मा एवं आर. ब्रजेश खरते की अहम भूमिका रही।

## ओबीसी वर्ग की जनगणना कराकर 51% आरक्षण लागू किए जाने

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट में आज ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों ने ज्ञापन दिया और बताया कि संविधान में सामाजिक तथा शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े हुए समुदायों को अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़े वर्गों के रूप में 3 वर्ग बनाये गए हैं। जनगणनों में इन तीनों की केत किए जाने चाहिए। लेकिन अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग की जनगणना को होती है किन्तु अन्य की नहीं होती है क्योंकि जनगणना फार्मेट में ओबीसी का फल नहीं होता है।

### महोदय संविधान के अनुच्छेद 340 के परिपालन में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए गठित आयोग

करमहलमध्यप्रदेश रामजी महाजन आयोग द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग की व अनुमाई की गई है। तदनुसार इस हेतु संसद में बनी सहमति के आधार पर जनगणना 2011 में से अन्य वर्ग के ऑकएका करने प्रयास किए गए किन्तु आँकड़े जारी नहीं किए गएसी महासभा द्वारा लंबे समय से प्रतिमाह आपन देकर जनगणना 2021 के फर्मिट में ओबीसी काल बनवाने प्रशासन से निवेदन किया जाता रहा है। लेकिन पूर्व की भारत इस बार भी जनगणना फार्मेट में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का कॉल नहीं है। फलस्वरूप अबीसी वर्ग की जनसंख्या उस परिस्थितियों का नहीं हो पायेगा कनेकनक प्रतिबद्धता फिर अपूर्ण रह जायेगी। ओबीसी महासभा आपसे विनय प्रार्थना करती है कि 2021 के फॉर्मेट में काम 13 में ओबीसी के लिए 3 और अन्य के लिए 4 लिखे का विकल्प बने हेतु सभी राज्य सरकारे ओबीसी हेतु राज्य विधानसभाओं से प्रस्ताव पास करवाकेन्द्र सरकार को पहुंचाने हेतु कई निवेदन पत्या जाता रहा है। जिसमें गोगी समाज की भारत देश के होने के नाते जख्या में अनुपात में हिस्सेदारी प्राप्त कर सके। महोदय, तत्काल प्रभाव से भारत देश (विश्व के बाद लोकुत्र) में ओबीसी वर्ग की असमाना बनाए जाने हेतु आवेदन आपकी और प्रेषित है। मध्यप्रदेश




लोक सेवा आयोग की परी में प्रदेश शासन द्वारा 27त्न देने के आदेश के दीदी की माननीय न्याय द्वारा केवल 14त्न ही देने का निर्णय पारित किया है कि ओबीसी वर्ग के प्रशासन का प्रतीत होता है। अतः ओबीसी वर्ग के आवेदको को को स्वक्ष्स्ष्ट में प्रभाव से 27त्न आरक्षण के साथ नियुक्ति प्रदान की जाये। ओबीसी वर्ग की अनु 340 के परिपालन में जनसंख्या के अनुपात में आरक्ष (प्रतिनिधित्व दिया जाये। ओबीसी वर्ग के लिए सड़क से लेकर सदन तक सार्वजिक क्षेत्र से लेकर निजी क्षेत्र में 51त्न आरक्षण लागू किया जाये। मध्यप्रदेश के चुनाव में द्वारा ओबीसी वर्ग के केवल 18 वर्ष से अधिक मतदाताओं काआंकड़ा एकत्रित किया जा रहा है। उस पंचायत के वर्ग के मूल निवासियों का नहीं जो भीमध्यप्रदेश सरकार की ओबीसी वर्ग को गुमराह करने की प्रतीत हो रही है। पारदर्शिता के साथसभी जिला जनपद में काटा एकति कर सार्वजनिक किया जाये। 27त्न आरक्षण को संविधान की 9वीं अनुसूची में 17/02/2022 को मध्यप्रदेश शासन विधि और विधायी कार्य विभाग द्वारा मा उच्चन्यालय मध्यप्रदेश जबलपुर में शासकीय अधिवक्ताओं की जो सूची जारी की गई है, ओबीसी वर्ग केको समुचित प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। अतः उक्त जारी आदेश को संशोधित कर 51त्न प्रतिनिधित्व के साथ सूची जारी की जाये। निवेदन है कि ओबीसी महासभा की मागे एवं पूर्व पिछले कई वर्षों में दिए गए ज्ञापन पर जल्द ही पिए जाने हेतु अपने अधीन प्रानिक अधिकारियों को निर्देटिन करने करें। अन्यथा की प्रशासन की पूर्णम्मेदारी होगी।

## नाजायज धन्धे किसी भी सूरत में फलने फूलने नहीं दिये जायेगे...आईपीएस आसुतौष बागरी

### मुखबिरो की सूचनाऔ से पुलिस को मिल रही सफलताये...

**केशब पंडित जी अम्बाह...??**

**मुरैना...** अभी तक जिले के थाना इलाको में जुआ शराब व अबैध शस्त्रो की क्रय बिक्रय शरीके नाजायज धन्धे किसी भी सूरत में मुरैना पुलिस फलने फूलने नही देगी ऐसे अबैध कृत्यो को अंजाम देने बाले माफिया व मुजरिमो के खिलाफ नियमानुसार कठोर कारबाही की जाबेगी यह बात नवागत पुलिस अधीक्षक आसुतोश बागरी ने कही उन्हौने बताया मैने जिले में मुखबिर तन्त्र को मजबूत करने का काम प्रारम्भ कर दिया है ताकि अपराध व अपराधियो के बारे में सटीक सूचनाये पुलिस को मिलती रहै पुलिस अधीक्षक ने माना है कि गोपनीयता भंग होने की डर से लोग पुलिस को अपराधो और अपराधियो के बारे में सूचना देने में कतराते है उन्हौने कहा कि एक बार पुलिस जनता को यकीन दिलाने में कामयाब हो जाये तो पुलिस को मुखबिरो से कारगार आम सूचना मिलना प्रारम्भ होजायेगी उन्हौने बताया कि हाल ही में कुछ दिनो में पुलिस को मुखबिरो से प्राप्त कामयाबी मिली है अभी अम्बाह थाना क्षैत्र के ककरारी गॉव में दो बीघा अफीम की खेती फलती फूलती खेती सरसो के बीच मय किसान के पकडी है जो कि 397-200 किलो पोधा सहित कीमत एक करोड के लगभग जप्त की है हम इलाके उन पुलिस अधिकारी व बीट प्रभारियो को भी हिदायत देते है कि शराब व जुआ जैसे कार्य में




कोई भी कर्मचारी की सौहरत में पायी गयी या गल्त काम मे लिप्त है तो बक्सा नही जायेगा साथ में उन पर भी कारबाही होगी और अच्छे काम पर पुरूष्कार के सहित प्रमाण पत्र मिलेगा उदा हरण जौरा में अभी हाल ही में प्रभारी को निलंम्बित किया है एसपी आसुतौष बागरी ने दाबा किया है कि हमें और कामयाबी मिलने की उम्मीद है यह सफलता अबैध शस्त्र की बरामदी व अबैध शराब जप्ती अथवा सट्टा जुआरियो की गिरप्तारी में कुछ भी होसकती है अभी एक एक सफलता कोतबाली व स्टैसन रोड थाने की झोली में भी गई है और छोटी कारबाही रोजाना जारी है यह एक पुलिस के लिये अच्छा संन्देश है और भी अच्छे परिणामो की आशा है एसपी आसुतौष बागरी ने एक पखबाडा पहले ही कमान संभालकर पदभार ग्रहण किया है जिसमे अच्छी खासी छह महीने के बराबर सफलता हासिल की है उन्हौने बताया सभी प्रकार के माफिया होसियार हो जाये अब बचना मुश्किल है आपकी अगारी मेरी पिछाडी जेल का दरबाजा दिखाकर रहूगा नही यह सब काम छोडकर अपने निजी कामो में ब्यस्त होजाये मेरा मुखबिर तन्त्र बहुत मजबूत रहता है चाहे अम्बाह पोरसा जौरा कैलारस सबलगढ बामौर नूराबाद रिठौरा क्यौ न हो इलाके के प्रत्येक गॉव के प्रमुख ब्यक्तियो से सम्पर्क कर तथा उस गॉव में कौन कौन आदमी अपराध में ग्रसित है इसकी पूरी जानकारी के लिये प्रयास जारी कर दिये गये है श्री बागरी ने कहा यदि लोगो के राजस्व मामलो को राजस्व विभाग तुरन्त निबटारा जाकर करे तो हत्या व हत्या की कौशिस जैसे अपराधो में गिराबट देखने को जरूर मिलेगी यही से झगडे उत्पन्न ज्यादा होते है उन्हौने बताया शुरू में उन्है बर्दी बाली नौकरी की बहुत इच्छा थी और खेलो के प्रति बहुत रूचि रखते है



## कैलारस- परीक्षा देने जा रहा छात्र बाइक की टक्कर से हुआ घायल

*** मुरैना से गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

कैलारसः-परीक्षा देने जा रहे छात्र को अज्ञात बाइक सवार ने मारी टक्कर से छात्र हुआ घायल जानकारी के अनुसार सोनू पचौरी पिता सुमेर पचौरी का आज हायर सेकंडरी का पेपर था जिसका परीक्षा सेंटर बृजपाल सेंट्रल एकेडमी था में तो बह सुबह पैदल पैदल परीक्षा देने के लिए परीक्षा केन्द्र पर जा रहा था तभी बृजपाल सेंट्रल एकेडमी स्कूल के पास अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे छात्र सोनू पचौरी घायल हो गया जिसकी सूचना छात्र ने केंद्राध्यक्ष रोहितास वैरागी को दी तो उन्होंने तत्काल प्रभारी बीइओ दफेदार सिंह सिकरवार को बताया तो प्रभारी बीइओ दफेदार सिंह सिकरवार तत्काल जानकारी मिलते अपने निरीक्षण दल केशव शुक्ला एवं देवेंद्र हरदेनिया के साथ के ब्रजपाल सेंट्रल एकेडमी पहुचे और उन्होंने केंद्राध्यक्ष से छात्र के बारे में जानकारी ली और बीएमओ डॉ एस आर मिश्रा को अवगत कराया तो जानकारी मिलते ही बीएमओ डॉ एस आर मिश्रा एवं शुरेश शर्मा के साथ परीक्षा केंद्र बृजपाल सेंटर एकेडमी पहुंचे घायल छात्र का प्राथमिक उपचार किया उपचार के बाद छात्र को केंद्राध्यक्ष रोहितास वैरागी दुबारा छात्र को परीक्षा बैठा दिया

## कांग्रेस नेता सुरेंद्र सिंह गौर के नेतृत्व में चलेगा



**दैनिक पुष्पांजलि टुडे जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़ अजय खंगार**

**टीकमगढ़।** सोमवार को खरगापुर विधानसभा के ग्राम बेंडरी एवं नगर पलेरा में पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश पर सुरेंद्र सिंह गौर दद्दा के नेतृत्व में सदस्यता अभियान अंतर्गत घर चलो घर-घर चलो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रुप से स्वतंत्र यादव जिला अध्यक्ष राजीव गांधी पंचायती राज संगठन राजू राय अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलेरा कुंवर विश्व दीप सिंह चौहान अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मोहन अहिरवार अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति राकेश खरे फिज्जु खान बीड़ी वाले चिंते रावत विजय वर्मा शिवा सोनी रोहित यादव अजीत ठाकुर इकरार खान सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

## अफसर कॉलोनी स्तिथ जीवाजी क्लब का निर्माण कार्य चालू



**पंकज त्रिपाठी*दैनिक पुष्पांजली टुडे***

**भिण्ड ।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अफसर कॉलोनी स्थित जीवाजी क्लब मैं लॉन टेनिस कोर्ट एवं टेबल टेनिस कोर्ट एवं बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य का भूमि पूजन को जिलाधीश महोदय सतीश कुमार एस, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए.के.जैन एवं एडिशनल एसपी कमलेश कुमार ,भिंड एसडीएम उदय सिंह सिकरवार,जिला चिकित्सालय सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा, सीएसपी आनंद राय, जिला जनसंपर्क अधिकारी अरुण शर्मा, एवं जिला खेल प्रशिक्षक खेल एवं युवा कल्याण विभाग संजय सिंह भूमि पूजन का कार्य किया एवं इस अवसर पर बाबूलाल बारेला सहायक ग्रेड 2 सीनियर कोच प्रमोद गुप्ता, राजा मदारिया, नीरज बघेल, अनिल श्रीवास ,साधना तोमर, बादशाहा गुर्जर, रवि धाकड़, रवि कांत, शिव शंकर रावत, इस अवसर पर सभी उपस्थित रहे

## युवा नेता जीतेन्द्र सैनी ने जयपुर रीको चेयरमैन को स्मृति चिन्ह भेंट किया!




**सवाईमाधोपुर** - युवा नेता जितेंद्र सैनी ने जयपुर पहुंच कर राजस्थान रीको चेयरमैन सुनील परिहार को सावित्रीबाई फुले की स्मृति चिन्ह भेंट कर के मुलाकात की!

# श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ,धूमधाम से गाजे बाजे के साथ निकली गयी कलश यात्रा

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** नगर दबोह के वार्ड नं.15 में विराजमान भुवनेश्वरी माँ संकटा देवी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में माँ संकटा देवी एवं सभी नगरवासीयो के सहयोग से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया गया जो सोमवार दिनांक 21 फरवरी 2022 से प्रारंभ हो गयी है जिसमे सर्वप्रथम माँ संकट देवी प्रांगण से कलश यात्रा का शुभारंभ होकर ऐतिहासिक शक्ति पीठ माँ रणकौशला देवी पहुँची मंदिर प्रांगण में प्राचीन बाबरी से मंत्र उच्चारण के साथ जल भरकर कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ मुख्य बाजार से होती हुई कथा स्थल शंकर जी मंदिर प्रांगण पहुँची जहाँ पर कथा प्रवक्ता पं.श्री रमाकांत व्यास जी महाराज(रावतपुरा धाम)के मुखारबिंद से श्रीमद भागवत कथा का श्री गणेश किया गया श्रीमद भागवत कथा में वार्ड न.04 के में स्थित रामजानकी मंदिर के पुजारी पं.रामशरण तिवारी के पुत्र व पुत्रबधु श्रीमती सुनीता-



भरतशरण तिवारी को बनाया गया।

### जीवन मे मोक्ष के लिये भागवत कथा का ज्ञान अति आवश्यक है-व्यास जी महाराज

श्रीमद् भागवत कथा प्रवक्ता पं.श्री रमाकांत व्यास जी महाराज(रावतपुरा धाम)जी के मुखारविंद से प्रथम दिन श्रीमद्



भागवत कथा का संक्षेप में श्रोताओं को सार बताया गया उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के लोग भगवान् को इंसान से ज्यादा अहमियत देते हैं क्योकि भगवान् से उनकी सच्ची आस्था जुडी हुई हैं।अगर आप भगवान् को प्रसन्न कर लेते हैं तो आपके सारे रुके हुए काम बन जाते हैं।जीवन मे मोक्ष के लिये भागवत कथा का ज्ञान अति आवश्यक है।भागवत अवरोध मिटाने वाली उत्तम अवसाद है भागवत का श्रवण करने वाला कोई भी दुखी नहीं होता है।भगवान शिव ने सुखदेव बनकर सारे संसार को भागवत सुनाई है।उन्होंने संगत को कर्मो का सार बताते हुए कहा कि अच्छे और बुरे कर्मो का फल भुगतना ही पड़ता है।श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने से जन्म जन्मांतर के पापों का नाश हो जाता है।श्रीमद भागवत कथा के श्रवण से महापापी धुंधुकारी का भी उद्धार हो गया कथा प्रवक्ता ने बताया कि धुंधुकारी अति दुष्ट था उसका पिता आत्मदेव भी उसके उत्पातों से दुखी होकर वन में चला गया था।

### गहोई वैश्य समाज ने किया कलश यात्रा का स्वागत

नगर के बीचो बीच स्थित छोटी माता मंदिर पर गहोई वैश्य समाज के व्यक्तियों ने कलश यात्रा का स्वागत किया कलश यात्रा के श्रद्धालुओं को जलपान करा कर फल वितरित किये तो वही कथा वाचक का माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद भी लिया।

### कथा सम्पूर्ण जानकारी

कथा 21 फरवरी 2022 सोमवार को प्रारम्भ होकर माँ संकटा देवी के जन्मोत्सव 28 फरवरी 2022 सोमबार को पूर्णहुति एवं भंडारा के साथ समापन होगी।कथा दोपहर 01 बजे से सांय 05 बजे तक चलेगी।कथा स्थल शंकर जी मंदिर प्रांगण पुरानी हाट वार्ड क्र.04 दबोह जिला भिण्ड मप्र।

## किसान कांग्रेस कार्यकर्ता जन जागरण पदयात्रा से पहुंचेंगे भोपाल



**गोहद-** 21 सूत्रीय मांगों को लेकर किसान कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जन जागरण पदयात्रा के माध्यम से गोहद चौराहा से 23 फरवरी को पैदल मार्च करते हुए 11 मार्च तक भोपाल पहुंचेंगे जहां अपनी सभी मांगों को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेंगे जिसमें कार्यकर्ताओं द्वारा मांग करते हुए एमएसपी पर फसल खरीदी की गारंटी दो फसलों की खरीद पर लगी शर्तें हटाने, किसानों के 10 हॉर्स पावर तक के बिजली कनेक्शन मुफ्त करने ,किसानों एवं मजदूरों के बकाया बिल को माफ करने, किसानों को टैक्स फ्री डीजल देने ,किसानों को प्राकृतिक आपदा में फसलों का उचित मुआवजा देने, आवारा पशुओं का समाधान करने, पंजीयन पर लगी शर्तों को हटाकर ऑनलाइन फसलों की जानकारी के आधार पर स्वतः ही पंजीयन होने ,स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश लागू करने,प्रदेश में चल रहे अवैध उत्खनन को शीघ्र रोकने, स्थानीय निकायों के चुनाव जल्द कराने, संविदा शिक्षकों को नियमित किया जाने, स्वास्थ्य विभाग में आशा कार्यकर्ताओं को नियमित पक्का किए जाने,युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देकर कोरोना की वजह से युवाओं को 5 वर्ष की भर्ती में छूट देने, औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर गोहद में स्थानीय बेरोजगार युवाओं को 50त्न रोजगार देने, कूनो नदी पर डैम बनाकर बीएमसी नहर की जल आपूर्ति सुनिश्चित करने, किसानों एवं मजदूरों का बैंक ऋण माफ करने, वैसली डैम का गहरीकरण कर गोहद की जनता को पेयजल समस्या से मुक्ति दिलाने, सिंचाई विभाग में हुए करोड़ों रुपए के घोटालों की जांच कर बड़ी कार्रवाई करने, गोहद में धान की फसल सिंचाई को पुनः एग्रीमेंट चालू करने, बीएमसी नहर को गोहद सब डिवीजन में जोड़ने, प्रदेश में एकमात्र डबरा उपज मंडी में लगने वाली आडत को बंद करने संबंधी मांगों को लेकर किसान कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता 23 मार्च को गोहद चौराहा से भोपाल की ओर प्रस्थान करेंगे यह समस्त जानकारी प्रेस वार्ता के दौरान दी जिससे मुख्य रूप से गजेंद्र सिंह भदोरिया जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस, राघवेंद्र शर्मा सचिव मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी, एवं मलकीत सिंह सिंघेढ़िया, भानु प्रताप सिंह तोमर, सरदार रविंद्र सिंह बराड़, राजेंद्र सिंह तोमर राजू कक्का, देवी सिंह तोमर, महाराज सिंह तोमर, रिजवान खान ,अवधेश शुक्ला, राम रूप सिंह ,मोहर सिंह , सहित लगभग दो दर्जन पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता प्रेस वार्ता में शामिल थे



## युवा हमारे देश की ताकत है सब एकजुट होकर पार्टी के लिए करें कार्य :: ,देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर

**मुरैना से गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**पोरसा //** भारत सरकार के केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर जी के पुत्र देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर रामू भैया का पोरसा नगर प्रवास के दौरान युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और सभी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी युवा हमारी रीड की हड्डी हैं पार्टी की ताकत है भारत में युवा की सक्रिय भूमिका देश हित में होनी चाहिए भारतीय जनता पार्टी में निस्वार्थ सेवा कर पार्टी के विकास की बात करें केंद्र व प्रदेश की योजनाएं धरातल पर पहुंचाएं बूथ बूथ एवं वार्डों में जाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दें नशीले पदार्थों का सेवन ना करें क्लीन पोरसा ग्रीन पोरसा के साथ सभी को स्वच्छ भारत की ओर जागरूकता अभियान निकालें युवाओं को संगठित कर हर संभव हर समय एक दूसरे के मददगार बने युवा कार्यक्रम के पश्चात राजकुमार जिंदल सूरज जिंदल राकेश गुप्ता शिवम गुप्ता के द्वारा देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर का शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया संवाद कार्यक्रम के इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता जिला उपाध्यक्ष साहिब सिंह तोमर मुन्ना सिंह तोमर अरुण गुप्ता राजकुमार गर्ग महेश चंद गर्ग सूरज जिंदल संदीप उपाध्याय कमल जाटव अरविंद तोमर योगेश शर्मा पवन शर्मा रमाकांत शर्मा अशोक सिंह तोमर सौरभ तोमर वीरू तोमर राजा शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्तित रहे

## अजाक्स कार्यकारिणी के द्वारा अनुसूचित जाति जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग की मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**


**शिवपुरी-**बाल्मीक समाज अधिकारी कर्मचारी संघ भारत एवं मध्यप्रदेश अजाक्स के आबाहन पर मध्यप्रदेश के समस्त जिलों की अजाक्स कार्यकारिणी के द्वारा अनुसूचित जाति-जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के कर्मचारी अधिकारियों और समाजहित में निम्न बिन्दुओं का निराकरण करने हेतु मागं पत्र सादर प्रस्तुत है श्री मनोज गोरकेला अधिवक्ता द्वारा पदोन्नति में अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी कर्मचारियों का आरक्षण नियम डाफ्ट लागू किया जाकर आरक्षण के आधार पर पदोन्नति कर आदेश जारी की जाये। अनुसूचित जाति, जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकारी कर्मचारियों के रिक्त बेक लोग के पदों को तत्काल विशेष भर्ती अभियान से भरे जाये। मध्यप्रदेश में प्रचलित संविदा एवं आउटसोर्स तृतीय चतुर्थ श्रेणी, सफाई कर्मचारी की



ठेका प्रथा को समाप्त कर नियमित पदो पर नियुक्तियां दी जाये। मध्यप्रदेश में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों एवं वियमित किये गये कर्मचारी को नियुक्ति नांक से नियमित किया जाये। अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग के छात्र छात्राओं को शासन नियमानुसार समय पर वितरित की जाए अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण सीधी भर्ती पदोन्नति में भारत सरकार के नियमानुसार लागू की जाये। म.प्र के सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन लागू की जाये अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग सहित बाल्मिक समाज के बेरोजगार युवाओ को शस्त्र लायसेंस प्राथमिकता के आधार पर दीये जायें जिससे इन वर्ग के युवाओं को सुरक्षागार्ड की नौकरी मिल सकें अनुसूचित जाति जनजाति वित्त विकास निगम को पुनः चालू कर संस्था के माध्यम से इस वर्ग के बेरोजगारों को सीधा ऋण उपलब्ध कराया जायें। बाल्मिक समाज के बेरोजगार युवाओं को अस्वच्छ धंधे से निकाल कर स्वच्छ धंधे में विस्थापित करने के लिये कृषि भूमि बकरी, मूर्गी व सूअर पालन हेतु भूमि एवं ऋण उपलब्ध कराया जायें। नगर पालिका, नगर निगम, नगर पंचायतों, जनपद पंचायतों में जनसंख्या के आधार पर सफाई कर्मचारियों के पद सृजित कर (बाल्मिक समाज एवं स्वच्छकार समाज के द्वारा) सफाई कर्मचारियों की भर्ती की जाये।

# दिनारा कस्बे में पाउडर केमिकल बाली दूध की पॉलीथिन खाने से गोवंश की मौत हो रही है

सरकार द्वारा पॉलिथीन पर प्रतिबंध के बावजूद भी कस्बे में पॉलिथीन का उपयोग किया जा रहा है। जिससे आए दिन पॉलीथिन खाने से गोवंश की मौत हो रही है। शहर की सड़कों के किनारे खुले में डाली जा रही पॉलीथिन और कचरा मवेशियों के लिए बीमारी तथा मौत की वजह बन रही है। लोग बचे खाने को पॉलीथिन में भरकर सड़कों के किनारे फेंक देते हैं। जिन्हें मवेशी खाद्य पदार्थ के साथ पॉलीथिन तक खां जाते हैं। जब मवेशियों की हालत बिगड़ जाती है और पेट में गैस बनने से उनकी दो घंटे में मौत हो जाती है। परेशानी की बात यह है कि गाय के पेट में पॉलीथिन है कि नहीं। दिनारा क्षेत्र मे सड़क पर पड़े कचरे में भोजन ढूंढ़ती हैं गायें, रसोई के अपशिष्ट के साथ खा जाती हैं पॉलिथीन खाने से गोवंश की मौत पॉलीथिन पर लगाए प्रतिबंध को आठ साल हो गए है, फिर भी इसका आज तक पालन नहीं हो पा रहा है। शहर के पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है और गोवंश की भी जान पर बन आई है। एक आंकड़े के अनुसार सालभर में 500 गोवंश पॉलिथीन के कारण मर रहे हैं जबकि मन की बात में प्रधानमंत्री भी पॉलीथिन के अंधाधुंध उपयोग पर चिंता जाहिर कर चुके हैं। बड़ा सवाल यही है कि जब नपा आठ साल में खुद के लगाए प्रतिबंध का पालन नहीं करा पा रही है तो फिर वह केंद्र सरकार के आदेश का पालन कैसे कराएगी। प्रतिबंध के आदेशों का पालन कराने में भी कोई रुचि नहीं ले रहा है। इस कारण आज भी खतरे वाले प्लास्टिक कैरी बैगों का उपयोग हो रहा है। विक्रेता खाद्य एवं अन्य सामग्री पॉलीथिन बैग में भरकर बेच रहे हैं। लोग पॉलिथीन में खराब सामग्री या कचरा भरकर फेंक रहे हैं। कारण 40 माइक्रोन से कम



मोटाई वाले पॉलीथिन कैरी बैग को हानिकारक मानते हुए प्रतिबंधित किया गया था। पॉलीथिन की थैलियों में किराना, सब्जी सहित अन्य वस्तुओं को बेचा जा रहा है। पर्यावरण एवं पशुओं की जान के लिए खतरा बने 40 माइक्रॉन से कम मोटाई के प्लास्टिक कैरी बैग के उपयोग पर प्रतिबंध लगा हुआ है लेकिन फिर भी प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग का उपयोग बंद नहीं हुआ है। नगर पालिका के स्वास्थ्य अमले ने प्रतिबंधित पॉलिथीन के उपयोग को रोकने के लिए अब तक ठोस कदम नहीं उठाए हैं। नपा के अधिकारी पॉलीथिन के माइक्रान जांचने वाला एक्सपर्ट नहीं होने का बहाना बनाकर बच रहे हैं। प्रतिदिन कितनी खपत होती है और कितने लोग प्रतिबंधित पॉलिथीनों का विक्रय कर रहे हैं यह आंकड़ा भी नपा के अधिकारी बताने से बच रहे हैं जबकि पॉलिथीन खाने से प्रतिवर्ष 500 से अधिक गोवंश की मौत हो रही है। पर्यावरण संरक्षण का सपना भी पूरा नहीं हो पा रहा है। प्रशासन के अधिकारी भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करा रहे हैं जबकि प्रतिबंध को कई वर्ष बीत चुके हैं प्रदेश में पॉलीथिन पर प्रतिबंध लागू किया था। बावजूद इसके प्रदेशभर में धड़ल्ले से पॉलीथिन का प्रयोग हो रहा है। इसका सीधा प्रभाव पशुओं पर पड़ रहा है। पॉलीथिन खाने से आए दिन पशुओं की मौत हो रही है। प्रशासनिक तमाम कवायद के बावजूद पॉलीथिन का प्रयोग नही बंद हुआ है। दुकानों पर अभी भी झिल्लियों का प्रयोग धड़ल्ले से हो रहा है। लोग जागरूक नहीं हैं या होना नहीं चाहते। बगैर झोला के बाजार जाने वाले लोगों के लिए मजबूरन दुकानदारों को पॉलीथिन रखनी पड़ती है। बड़ी संख्या में बेसहारा पशु शहर में भटक रहे हैं। सड़कों के किनारे पड़ी झिल्लियां गोवंश की मौत का सामान बन रही हैं

-कचरे के ढेर पर लोगों के फेंके गए पॉलिथीन जानवरों के लिए मौत का कारण बनते जा रहा हैं। इन्हें अक्सर प्लास्टिक थैली में मौजूद खाद्य पदार्थों को प्लास्टिक सहित खाते देखा जा सकता है। नगर परिषद के द्वारा बार-बार कार्रवाई करने के बावजूद लोग पॉलिथीन का उपयोग करने से बाज नहीं आ रहे हैं। शहर के विभिन्न कूड़ेदानों एवं अन्य स्थानों पर बेधड़क लोगों के द्वारा खाना के समान पॉलिथीन में डाल कर फेंक दिया जाता है। जिसे लावारिस जानवरों एवं गायों के द्वारा खाने के कारण बीमार होती हैं और समय से पहले मौत को गले लगाने को विवश हो जाती हैं।

प्लास्टिक खाने के बाद यह जानवरों के पेट में इकट्ठा होता रहता है जिससे उन्हें अपच होता है और पेट में प्लास्टिक की बड़ी मात्रा जठर ग्रंथि को नुकसान पहुंचाती है साथ ही पाचन शक्ति को कमजोर कर देती है। पेट में प्लास्टिक की अधिकतम मात्रा जानवरों में जुगाली प्रक्रिया को भी बंद कर देता है।

खाद्य पदार्थों के कारण निगल जाते हैं पॉलिथीन- कूड़े के ढ़ेर पर लोगों के द्वारा खाद्य सामग्री पॉलिथीन में भर के फेंक देने के कारण लावारिस घूम रहे जानवरों व गाय खाने की तलाश में घूमते हुए कचरे में फेंके गए प्लास्टिक में बंद खाना को भी खा लेते हैं। प्लास्टिक में मौजूद कई केमिकल्स की गंध खाने जैसी होती है जिसे जानवर खाना समझकर खा जाते हैं। जानवरों के लिए प्लास्टिक को पचा पाना नामुमकिन है। आंतों में जाने वाले प्लास्टिक के रिएक्शन काफी खराब होते हैं कई बार नुकीला प्लास्टिक गले के नीचे नहीं उतरता है।

हाल के दिनों में विभिन्न बिमारियों की चपेट में आने से कुछ गायों की मौत भी हुई है। अभी भी कुछ गाय बिमारियों का शिकार हैं जिसमें प्लास्टिक खाना भी एक प्रमुख कारणों में है। लोगों ने बताया कि नगर परिषद कर्मियों की लापरवाही के कारण प्रतिबंध के बावजूद सभी जगहों पर प्लास्टिक थैली मिल रही है।* कल्लू महाराज गौसेवक निवासी दिनारा का यह कहना है। की पाउडर केमिकल वाली दूध की पॉलीथिन खाने से गायों की मौत हो रही है। प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। राजेंद्र सिंह तोमर सचिव ग्राम पंचायत दिनारा का यह कहना है। कि पॉलीथीन खाने से गायों की मौत हो रही है। सड़कों पर पॉलिथीन को जला दें जिससे गायों को मौत से बचाया जा सके नहीं तो आगे कार्रवाई की जाएगी।

# संयुक्त कार्यालय भवन, जिला पंचायत भवन, वीर सावरकर सरोवर जीर्णोद्धार और म्यूजिकल फाउण्टेल का लोकार्पण आज

### मुख्यमंत्री श्री चौहान के वर्चुअल मुख्य आतिथ्य में होगा लोकार्पण
### केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री तोमर एवं नागरिक उड्डयन मंत्री श्री सिंधिया भी होंगे शामिल

ग्वालियर। ग्वालियर में नवनिर्मित जिला पंचायत भवन, संयुक्त कार्यालय भवन और वीर सावरकर सरोवर (कटोराताल) व म्यूजिकल फाउण्टेन का लोकार्पण 22 फरवरी को मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के वर्चुअल मुख्य आतिथ्य में होगा। कलेक्ट्रेट ङ्क सिरोल मार्ग पर स्थित नवीन जिला पंचायत भवन परिसर में आयोजित लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर वर्चुअल रूप से करेंगे। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया लोकार्पण समारोह में मौजूद रहकर बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे।

जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह, सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर एवं जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगणों की गरिमामयी मौजूदगी में इस लोकार्पण समारोह का आयोजन होगा।

उल्लेखनीय है कि राजस्व विभाग के अधीन राजस्व मण्डल, आयुक्त भू-अभिलेख व बंदोबस्त तथा संभाग आयुक्त ग्वालियर के कार्यालयों के लिये नाका चंद्रबदनी ङ्क विवेकानंद नीडम मार्ग पर 65 करो? 49 लाख रूपए की लागत से अत्याधुनिक तकनीक से अलग-अलग पार्किंग सहित चार मंजिला संयुक्त कार्यालय भवन का निर्माण किया गया है। संयुक्त कार्यालय भवन परिसर लगभग 8.80 एकड़ क्षेत्र में फैला है।

इसी तरह कलेक्ट्रेट सिरोल रोड़ पर लगभग 371 लाख रूपए की लागत से 3 हजार 280 वर्ग मीटर क्षेत्र फल में अत्याधुनिक जिला पंचायत भवन का निर्माण किया गया है।

ग्वालियर शहर में पर्यटन के लिहाज से लोकप्रिय स्थल वीर सावरकर सरोवर (कटोराताल) का स्मार्ट सिटी योजना के तहत जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण किया गया है। साथ ही आकर्षक एवं सतरंगी रोशनी (लाइटिंग) के साथ संगीत की थीम पर म्यूजिकल फाउण्टेन (फव्वारा) भी लगाया गया है। इन कामों पर लगभग 5 करो? 75 लाख रूपए की राशि खर्च की गई है।

# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने पुराने आरटीओ कार्यालय के पास अभियंता भवन के निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन



ग्वालियर। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने पडाव स्थित पुराने आरटीओ कार्यालय के पास अभियंता भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन करते हुए कहा कि इंजीनियर बन कर किसी व्यक्ति को सिर्फ पैसा ही नहीं कमाना होता है, उसे देश की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत करना होता है। वह किसी भी देश के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण व्यक्ति होता है। इनके कारण ही हम प्रतिदिन नई नई तकनीकों का लाभ उठाकर अपने जीवन को सरल बना पाते है। हमें हमेशा सेवा भाव से कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर इं. श्री राजेन्द्र सिंह भदौरिया, इं. श्री रमेश सिंह भदौरिया, सेवानिवृत इं. श्री एस के शर्मा, इं. श्री रविन्द्र सिंह कुशवाह, इं. श्री पी.एस. रघुवंसी, पूर्व अधीक्षण यंत्री श्री मोहर सिंह जादौन, अधीक्षण यंत्री श्री जेएन पारा, सेवा निवृत इं. श्री एलएन गुप्ता एवं सचिव इं. श्रीमती रशमी शेडगे सहित बडी संख्या में इंजीनियर्स उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने अभियंताओं का आह्वान किया कि आप सब देश-प्रदेश की सेवा बिना अंहकार के और सेवा भाव के साथ से करें। तभी आपकी सेवा का लाभ आम व्यक्ति का ज्यादा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस भवन के बनने से कर्मचारियों के हितों के लिये कार्य योजना बना सकेंगें। उन्होंने अभियंता भवन के लिए ये बुनियादी सुविधाओं के लिए 21000 रूपये देने की घोषणा की।

# विकास की श्रंखला निरंतर जारी है : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

### उपनगर ग्वालियर के वार्ड क्रमांक 5 में 112 लाख रूपये से अधिक के
### विकास कार्यों का किया भूमि पूजन

ग्वालियर। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपनगर ग्वालियर में एक करोड बारह लाख पचपन हजार रूपये के विकास कार्यों का भूमि पूजन करते हुए कहा कि क्षेत्र में विकास की श्रंखला निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि विकास की इमारत लिखने का कार्य दिन प्रतिदिन किया जा रहा है। आमजन को स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, रो? एव सीवर जैसी मूलभूत सुविधायें मिले तथा क्षेत्र सर्वांगीण विकास हो इसके लिये में प्रतिबद्ध हूँ। साथ ही उन्होने आमजन से शहर को साफ व स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग देने की अपील की।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वार्ड क्रमांक 5 में सूरज मैरिज गार्डन के पीछे से नेहरू नगर, पीपी शर्मा की मल्टी तक नवीन नाला निर्माण कार्य लागत 69 लाख रूपये, आनंद नगर बडा पार्क के पीछे सीसी रोड लागत 4 लाख 64 हजार रूपये, मोतीझील से पीएचई कॉलोनी तक सीसी रो? निर्माण लागत 10 लाख 49 हजार रूपये एवं 28 लाख 41 हजार रूपये की लागत से मोतीझील मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार के कार्य का भूमि पूजन किया।



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में उपनगर में काफी कार्य किये जा रहे है। आपकी सुविधा के लिये किशन बाग में 30 बिस्तरीय अस्तपाल बनने जा रहा है तथा 7 नई संजीवनी क्लनिक खुलने जा रही हैं तथा पहले स ही तीन संजीवनी क्लीनिक संचालित हैं जहां आपको निशुल्क इलाज की सुविधा मिल रही है। इसके साथ ही सिविल अस्पताल का उन्नयन किया जा चुका है। बिरला नगर प्रसूति गृह का नवीन भवन बन रहा है। जिसमें नवजात बच्चों के लिए एसएनसीयू यूनिट बनाई जाएगी।

साथ ही कहा कि गरीब का बेटा-बेटी भी अच्छे स्कूल में निशुल्क पड सके इसके लिये उपनगर ग्वालियर में पटेल विद्यालय व कन्या विद्यालय किलागेट सीएम राइज स्कूल बनने जा रहे हैं। इसके साथ ही शिक्षा नगर में स्मार्ट स्कूल बनाया जा रहा हैं। जिसमे क्षेत्र के नौनिहालों को प्राइवेट स्कूल से वेहतर सुविधायें व शिक्षा दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हम विकास की ओर अग्रसर हैं। क्षेत्र में सभी नालों को पाटने का कार्य किया जा रहा है तथा रो? बनाने का कार्य गतिशील है। क्षेत्र में जहां भी जायगें विकास कार्य होते नजर आयेगें। शासकीय स्कूलों में सीएसआर मद से शौचालय व जर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्ट्रेट में वेतन निर्धारण से संबंधित शिविर आज से

ग्वालियर। शासकीय सेवकों के वेतन निर्धारण के लिए नवीन कलेक्ट्रेट स्थित जिला कोषालय परिसर में 22 से 24 फरवरी तक शिविर लगाए जायेंगे। इन शिवरों के माध्यम से ऐसे शासकीय सेवकों के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा, जिनके वेतन का निर्धारण अभी तक नहीं हो सका है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री रविन्द्र शर्मा ने बताया कि जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से आग्रह किया गया है कि एक जनवरी 2016 वेतन निर्धारण से संबंधित लंबित प्रकरणों का निराकरण इन शिविरों के माध्यम से अनिवार्यत~ करा लें। यदि वेतन निर्धारण नहीं कराया तो माह फरवरी के वेतन का भुगतान संभव नहीं होगा।

### लेखा प्रशिक्षण के लिए 20 मार्च तक आवेदन मांगे

ग्वालियर। मोतीमहल स्थित शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला में शासकीय लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिये आगामी एक अप्रैल से लेखा प्रशिक्षण सत्र शुरू होगा। इस शिविर में प्रशिक्षण लेने के इच्छुक शासकीय कर्मचारियों से 20 मार्च तक आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन का प्रारूप लेखा प्रशिक्षण शाला से प्राप्त किए जा सकते हैं।

### भाजपा की समर्पण अभियान समिति की बैठक संपन्न

ग्वाल्यिर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेशस्तर पर समर्पण निधि जमा करने का अभियान चल रही है। कार्यकर्ताओं के ल्एि यह बहुत ही महत्वपूर्ण समय है। वे अपने बहुमूल्य समय को निकाल्कर अल्ग-अल्ग टोल्ी बनाकर समाज के बीच में जाएं। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है।

# जो सबको एकात्म भाव से देखता है वही विद्वान है : रामदत्त जी

### समरस समाज का निर्माण करेगा विचार प्रवाह का अध्ययन केन्द्र

### समरस समाज का निर्माण करेगा विचार प्रवाह का अध्ययन केन्द्र




ग्वालियर। भारत के ऋषियों और मनीषियों ने यह कभी नहीं कहा कि कोई छोटा है या बड़ा है। उनकी दृष्टि में जाति का भी भेद नहीं था। आज भी विद्वान व्यक्ति कभी भी ऐसा विचार नहीं करता। इसी कारण जो सबको एकात्म भाव से देखता है, वही विद्वान है। यह सारगर्भित विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह श्री रामदत्त चक्रधर ने राष्ट्रोत्थान न्यास के अंतर्गत विचार प्रवाह द्वारा संचालित किए जाने वाले अध्ययन एवं शोध केन्द्र के उदघाटन कार्यक्रम में व्यक्त किए। इस अवसर पर संघ के मध्यभारत प्रांत संघचालक श्री अशोक पांडेय, राष्ट्रोत्थान न्यास के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र बांदिल मंचासीन रहे।

संघ के सह सरकार्यवाह श्री चक्रधर जी ने आगे कहा कि भारत का अतीत गौरवशाली है, ऐसा ही भविष्य बनाने का संकल्प चाहिए। भारत जगद्गुरू रहा है, उस समय समाज में एकात्म भाव का प्रवाह था। वर्तमान में इसी भाव को समाज में जगाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कालांतर में सतत संघर्ष के बीच भारत ने कई प्रकार के उतार चढ़ाव भी देखे हैं। वह कहते हैं कि अंग्रेजों ने भारत की प्रज्ञा को समाप्त करने का प्रयास किया। इसके लिए उन्होंने पहले भारत की सामाजिक स्थिति का अध्ययन किया, और समाज की कमजोर कड़ी को मुख्य धारा से अलग कर दिया। आज भी देश में ऐसी शक्तियां सक्रिय हैं, जो समाज को विभाजित कर रही हैं। हमें समाज को एकता के सूत्र में बांधने के लिए अध्ययन करने की बहुत आवश्यकता है। संघ इस कार्य को प्रारंभ से ही कर रहा है।

## अब तभी मिलेगा वेतन जब ईएसएस अपडेशन हो जाएगा

**कलेक्टर श्री सिंह ने सभी कार्यालय प्रमुखों को जल्द से जल्द अपडेशन कराने के दिए निर्देश**

ग्वालियर। उन्हीं शासकीय सेवकों का फरवरी माह का वेतन निकलेगा जिनके द्वारा ईएसएस (एम्प्लॉई सेल्फ सर्विस) प्रोफाइल अपडेशन कर दिया जायेगा। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सभी शासकीय कार्यालयों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को अपने अधीनस्थ शासकीय सेवकों का जल्द से जल्द शतप्रतिशत ईएसएस प्रोफाइल अपडेशन कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित अवधि में यह काम पूरा न होने पर आहरण एवं संवितरण अधिकारी व संबंधित लिपिक का वेतन भी आहरित नहीं किया जा सकेगा। ईएसएस प्रोफाइल अपडेशन एवं अन्य कठिनाईयों के निराकरण के लिये जिला कोषालय में एक सेल का भी गठन किया गया है।

वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर के अंतर्गत हर शासकीय सेवक का ईएसएस प्रोफाइल अपडेशन किया जाना है। ईएसएस प्रोफाइल अपडेशन न होने से सेवानिवृत और मृत कर्मचारी के पेंशन आदि स्वत्वों के निराकरण में कठिनाई आती है और देरी भी होती है। इस वजह से सभी विभागों के अधिकारियों को जल्द से जल्द यह काम पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सड़कों पर नहीं दिखनी चाहिए गंदगी, सभी गुमटी, ठेले वालों पर अनिवार्य रूप से होने चाहिए डस्टबिनः निगमायुक्त श्री कन्याल



ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने सोमवार को प्रातः ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वेक्षण बहुत ही निकट है और किसी भी सड़क पर गंदगी नहीं दिखनी चाहिए तथा सभी गुमठियों व ठेले वालों पर डस्टबिन हो एवं दुकानों के आसपास सफाई हो, इसके साथ ही सड़कों पर खड़े पुराने एवं कंडम वाहन जिनके कारण गंदगी फैलती है उन्हें जप्त करने की कार्रवाई करें । यह संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें।

नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने 7 नंबर चौराहा मुरार से निरीक्षण प्रारंभ करते हुए बारादरी चौराहा, हुरावली सिरोल तिराहा होते हुए डीबी सिटी, सिटी सेंटर, इनकम टैक्स ऑफिस, पटेल नगर, थाटीपुर होते हुए मुरार नदी तक भ्रमण कर साफ सफाई व्यवस्था को देखा तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

डीबी सिटी के सामने एक चाय की गुमटी के सामने गंदगी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए व्यवस्थित डस्टबिन रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नाश्ते वालों एवं अन्य ठेलों पर भी व्यवस्थित डस्टबिन ना होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा सभी के डस्टबिन लगवाने के निर्देश दिए।

मुरार क्षेत्र में ही सड़क पर वाहन खड़े करके रिपेयरिंग करने वालों द्वारा गंदगी फैलाई जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए दो टू व्हीलर वाहन जप्त करवाएं तथा सड़कों पर खड़े कंडम वाहन जिनके कारण गंदगी फैलती है उन्हें जप्त करने के निर्देश नोडल अधिकारी मदाखलत श्री केशव सिंह चौहान को दिए। इसके साथ ही मुरार नदी के निरीक्षण के दौरान आसपास सफाई मिलने पर एवं साफ पानी बहने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसी प्रकार स्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए।

वही सीटीपीटी के निरीक्षण के दौरान इनकम टैक्स ऑफिस के पास स्थित सीटीपीटी पर केयरटेकर ना होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल वहां केयरटेकर उपस्थित करने के निर्देश दिए। वहीं पटेल नगर सिटी सेंटर सहित विभिन्न स्थानों पर भवन निर्माण सामग्री का कचरा सड़कों पर पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।




# सीएम हैल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष शिविर लगाएं : कलेक्टर श्री सिंह

### अंतरविभागीय समन्वय बैठक में दिए निर्देश



ग्वालियर। हर हफ्ते विशेष शिविर लगाकर सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण कराएँ। इन शिविरों में संबंधित शिकायतकर्ताओं को भी आमंत्रित करें और उनकी संतुष्टि के साथ विभागीय अधिकारियों के माध्यम से शिकायतों का निराकरण करें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में जिले के सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा जिले के हर राजस्व अनुविभाग में मंगलवार व शुक्रवार को शिविर लगाए जाएं। साथ ही निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों द्वारा शिकायतों के निराकरण में ि?लाई बरती जाए उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी प्रस्तावित करें।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी व अपर कलेक्टर श्री एच बी शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी और जिले के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मौजूद थे।

अंतरविभागीय समन्वय बैठक में आयुष्मान कार्ड, श्रम पोर्टल पर संबल एवं भवन संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के श्रमिकों का पंजीयन व राशन वितरण सहित सरकार की अन्य प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा हुई। साथ ही सभी पात्र हितग्राहियों को इन योजनाओं से जो?ने के निर्देश दिए गए।

### एक साथ बस में बैठकर सुशासन शिविर में पहुँचेंगे जिला स्तरीय अधिकारी

जिले में राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत प्रभावी ढंग से जिला स्तरीय सुशासन शिविर लगाए जायेंगे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में निर्देश दिए कि शिविर के दिन कलेक्ट्रेट से सभी अधिकारी एक बस में बैठकर शिविर स्थल पर पहुँचें और प्रात~ 9 बजे से लेकर सायंकाल 5 बजे तक जन समस्याओं का निराकरण करें। उन्होंने कहा जिन आवेदनों का उसी दिन निराकरण संभव न हो।

# भव्य पंचकल्याण महोत्सव में चौथे दिन जन्मकल्याणक पर शहर में शोभायात्रा निकाली गई

### ऐरावत हाथी पर सवार सौधर्म इंद्र ने गोदी में बिठाकर पाडुकशिला पर बालक आदिकुमार किया अभिषेक
### शोभायात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, जगह-जगह हुआ स्वागत



ग्वालियर-अयोध्य नगरी फूलबाग मैदान में राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज, मुनिश्री विजयेश सागर महाराज, विनिबोध सागर महाराज व ऐलक श्री विनियोग सागर महाराज के सानिध्य श्रीमद्जिनबिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव विश्वाशांति महायज्ञ एवं गजरथ महोत्सव के चौथे दिन आज सोमवार को बालक तीर्थंकर आदिकुमार का जन्म कल्याणक, पांडुकशिलाभिषेक और रात्रि में पालन कर्यक्रम आयोजित किया गया। वही डेड़ कुंटल बूंदी के लड्डू जन्म उत्सव पर वितरण किए गए।

**सुबह बालक आदि कुमार का जन्म होते ही पूरे पड़ाल झूम उठे इंद्रा-इद्राणी...00000**

महोत्सव के चौथे दिन जन्मकल्याण पर प्रातः तीर्थंकार बालक आदि कुमार का जन्म माता मरूदेवी की कोख से हुआ। जन्मोत्सव में सुबह जैसे ही तीर्थकर बालक आदिकुमार के जन्म की घोषणा हुई, पूरा पांडल मे तीर्थंकर बालक आदि कुमार की जय-जयकार कर से गूँज उठा! महिलाएँ मंगल गीत गाते हुएं नृत्य करने लगी! सौधर्म इन्द्र समेत सभी इंद्र-इंद्राणियॉ खुशी के मारे झूम उठे!

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478